प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 318 | सोमवार 10 नवम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## केरल वंदे भारत में आर एसएस गाने पर संग्राम, विजयन ने लगाया आरोप, विपक्ष ने बताया बड़ी साजिशश

नई दिल्ली 09 नवम्बर (एजेंसी)केरल में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन



के उद्घाटन समारोह में स्कूल स्टूडेंट्स द्वारा गाना गाए जाने को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने आरोप लगाया है कि स्टूडेंट्स से श्आरएसएस का गानाश गवाया गया, जो संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन है।एर्नाकुलम से बेंगलुरु जा रही नई वंदे भारत एक्सप्रेस में सरस्वती विद्यालय के स्टूडेंट्स ने एक मलयालम गाना गाया था। साउथर्न रेलवे ने इस गाने के वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए, जिसे बाद में श्आरएसएस का गानाश होने के आरोपों के कारण आलोचना झेलने पर हटा दिया गया।मुख्यमंत्री विजयन ने इस हरकत की निंदा करते हुए कहा कि सरकार के आधिकारिक कार्यक्रम में आरएसएस का गाना शामिल करना संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन है।उन्होंने आरोप लगाया कि देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, रेलवे का इस्तेमाल, संघ परिवार द्वारा अपने कथित सांप्रदायिक राजनीतिक प्रोपेगेंडा को फैलाने के लिए किया जा रहा है, जो मंजूर नहीं है।

## राहुल गांधी का विस्फोटक दावा, पीएम मोदी और शाह आखिर में वोट चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़े जाएंगे

***किशनगंज में राहुल गांधी ने मतदाताओं से श्वोट चोरीश रोकने के लिए एकजुट होने की अपील करते हुए दावा किया कि इससे बिहार में इंडिया ब्लश्क की सरकार बनेगी। उन्होने बीजेपी और आरएसएस पर देश को बांटने का आरोप लगाकर विपक्षी रणनीति को और मुखर किया, जिससे राजनीतिक ध्रुवीकरण बढ़ा है।***



नई दिल्ली 09 नवम्बर (एजेंसी)बिहार चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पहले, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोला। किशनगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि मोदी और शाह कहीं भी जा सकते हैं, लेकिन आखिर में वे श्वोट चोरीश करते हुए पकड़े जाएंगे।कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि इंडिया ब्लॉक द्वारा लगाए गए श्वोट चोरीश के आरोपों का पीएम मोदी, अमित शाह और यहां तक कि चुनाव आयोग के पास भी कोई जवाब नहीं है।गांधी ने दावा किया कि सच अब लोगों के सामने आ गया है। उन्होंने कहा, श्पीएम, शाह३ कहीं भी जा सकते हैं, लेकिन आखिर में वे श्वोट चोरीश करते हुए पकड़े जाएंगे।श उन्होंने मतदाताओं से एकजुट होने और श्वोट चोरीश रोकने की अपील की। गांधी ने कहा कि अगर लोग साथ आते हैं और श्वोट चोरीश को रोकते हैं, तो इंडिया ब्लॉक बिहार में 100 प्रतिशत सरकार बनाएगा।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बीजेपी और आरएसएस पर देश को बांटने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया, जबकि इंडिया ब्लॉक देश को एकजुट करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह बिहार के युवाओं के लिए रोजगार नहीं चाहते हैं।

## दम घोंटती दिल्लीकी हवा पर गुस्सा, इंडिया गेट पर प्रदर्शन, आप कांग्रेस नेता हिरासत में

***गंभीर वायु प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली के इंडिया गेट पर प्रदर्शन में शामिल ।।च और कांग्रेस के नेताओं सहित कई लोगों को पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देकर हिरासत में लिया। आप ने भाजपा पर ।फ्प् मशनिटर पर पानी छिड़ककर डेटा में हेरफेर करने का आरोप लगाते हुए, समस्या का राजनीतिकरण न करने की अपील की। यह घटना दिल्ली के श्रेड जोनश में पहुंचने के बाद हुई।***




नई दिल्ली 09 नवम्बर (एजेंसी)राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हवा श्खतरनाकश स्तर पर पहुंचने के एक दिन बाद, रविवार को इंडिया गेट पर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र और राज्य सरकार से दिल्ली–एनसीआर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए तत्काल प्रभावी नीतियां बनाने की मांग की।एक्टिविस्ट्स और प्रदर्शनकारी, जिनमें ।।च और कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों के नेता भी शामिल थे, इंडिया गेट की ओर मार्च कर रहे थे। यह प्रदर्शन तब हुआ जब कई इलाकों में एक्यूआई 400 के ऊपर श्गंभीरश श्रेणी में दर्ज किया गया और दिल्ली श्रेड जोनश में आ गई।

पुलिस की कार्रवाई

पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। नई दिल्ली के सीनियर पुलिस अधिकारी देवेश कुमार महला ने बताया, श्इंडिया गेट कोई प्रोटेस्ट साइट नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, नई दिल्ली में प्रोटेस्ट की तय जगह जंतर मंतर है।

विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं आप की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, श्भाजपा ने रीडिंग कम करने के लिए एक्यूआई मॉनिटर पर पानी छिड़कवाया। भाजपा डेटा में हेरफेर कर रही है।श उन्होंने बीजेपी से राजनीति से ऊपर उठकर हवा और पानी के मामले को गंभीरता से लेने की अपील की।

## बिहार चुनाव में आमित शाह की चेतावनी

## लालटेन को आने मत देना, नहीं तो फिर आएगा जंगलराज

***केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में कांग्रेस-राजद के श्महागठबंधनश को श्ठगबंधनश बताते हुए राहुल गांधी पर घुसपैठियों के तुष्टिकरण का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि राहुल की यात्रा घुसपैठियों को बचाने के लिए थी, जो उनके वोट बैंक हैं, जबकि भाजपा उन्हें देश से बाहर निकालेगी। उन्होंने कांग्रेस पर बाबा साहेब अंबेडकर का केवल चुनावी इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए श्जंगलराजश की वापसी के खिलाफ मतदाताओं को चेताया।***

नई दिल्ली 09 नवम्बर (एजेंसी)केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार के अरवल में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और राजद के श्महागठबंधनश पर तीखा हमला बोला। उन्होंने इस गठबंधन को श्ठगबंधनश करार दिया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर घुसपैठियों के तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।अमित शाह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी को बिहार से ज्यादा बांग्लादेश से आए घुसपैठियों की चिंता है।

शाह ने कहा, श्राहुल गांधी यहां श्घुसपैठिया बचाओ यात्राश निकालने आए थे। मैं उनसे पूछता हूं कि उन्होंने किसके लिए यात्रा निकाली? बिहार की माताओं, गरीबों या युवाओं के लिए? नहीं, इनके लिए इन्हें कुछ नहीं करना है। इन्होंने घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्रा निकाली है। राहुल के लिए ये घुसपैठिए वोटबैंक हैं।श्गृह मंत्री ने वादा किया, श्राहुल गांधी को बिहार से लेकर इटली तक जितनी यात्रा निकालनी है निकालें, लेकिन वो घुसपैठिए को बचा नहीं पाएंगे। हम देश और बिहार से एक–एक घुसपैठिए को चुन–चुनकर बाहर निकालने का काम करेंगे।श

अमित शाह ने कांग्रेस पर डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के नाम का केवल चुनावी इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि जब तक बाबा साहेब जीवित रहे, कांग्रेस ने उनका विरोध किया, और उनके निधन के बाद भी सम्मान में कुछ नहीं किया।

उन्होंने याद दिलाया, श्बाबा साहेब को भारत रत्न तब मिला, जब कांग्रेस सत्ता से गई।श उन्होंने कहा, श्मोदी जी ने 14 अप्रैल को राष्ट्रीय समरसता दिवस और 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया। कांग्रेस के लिए बाबा साहेब का नाम सिर्फ वोट बटोरने के लिए है, जबकि हमारे लिए बाबा साहेब



का नाम श्रद्धा का केंद्र है।श्अमित शाह ने बिहार चुनाव के बाद श्ठगबंधनश के सफाया करने का दावा किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने पूरे बिहार में एक ही मूड देखा है कि 14 तारीख को ठगबंधन का सफाया होने वाला है।शाह ने कहा कि एक जमाने में बिहार नक्सलवाद से ग्रस्त था, लेकिन पीएम मोदी ने बिहार को इससे मुक्त किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और नीतीश कुमार ने अब यहां से जंगलराज और नरसंहार को खत्म कर दिया है।पहले चरण के चुनाव में श्लालू की पार्टी का सूपड़ा साफश होने का दावा करते हुए शाह ने मतदाताओं को चेतावनी दी, श्जरा सी भी गलती हुई तो जंगलराज फिर लौट आएगा। लालटेन वालों को बिहार में आने मत देना, वरना आगे बढ़ रहा बिहार फिर से जंगलराज से तहस–नहस हो जाएगा।श

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पूर्वोत्तर राज्यों के 'सीपीए इंडिया सम्मेलन' का उद्घाटन करेंगे

***संसदीय सर्वोत्तम चलन को बढ़ावा देने और पूर्वोत्तर के लिए 'एक्ट ईस्ट' नीति एवं बुनियादी ढाचे के विकास जैसे विशिष्ट क्षेत्रीय मुद्दों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।***



नई दिल्ली 09 नवम्बर (एजेंसी)लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार को कोहिमा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन–तृतीय के 22वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन में आठ पूर्वोत्तर राज्यों के पीठासीन अधिकारी और विधायक भाग लेंगे।इस सम्मेलन में नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और नगालैंड विधानसभा के अध्यक्ष एवं 'सीपीए भारत क्षेत्र जोन–तृतीय' के अध्यक्ष शारिंगेन लोंगकुमेर शामिल होंगे।सम्मेलन का विषय 'नीति, प्रगति और जनतारू परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में विधानमंडल' है और उप–विषय 'विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में विधानमंडलों की भूमिका' और 'पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में हाल में हुई बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं के आलोक में जलवायु परिवर्तन' हैं।एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सीपीए भारत क्षेत्र तृतीय ने क्षेत्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने, संसदीय सर्वोत्तम चलन को बढ़ावा देने और पूर्वोत्तर के लिए 'एक्ट ईस्ट' नीति एवं बुनियादी ढांचे के विकास जैसे विशिष्ट क्षेत्रीय मुद्दों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।इसकी प्रमुख उपलब्धियों में व्यापार और सहयोग के लिए भारत–आसियान दृष्टिकोण में पूर्वोत्तर क्षेत्र को शामिल करना और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी लाने, व्यापारिक चौकियों को बढ़ाने एवं सांस्कृतिक आदान–प्रदान का आह्वान करना शामिल है।यह क्षेत्र संसदीय प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने और प्रौद्योगिकियों के अधिक उपयोग के माध्यम से उन्हें अधिक सुलभ और समावेशी बनाने पर भी ध्यान केंद्रित करता है, जैसा कि राष्ट्रीय ई–विधान ऐप्लीकेशन (नेवा) के कार्यान्वयन, डिजिटलीकरण कार्यक्रम और सक्रिय सार्वजनिक भागीदारी में देखा गया है।

## अवैध संबंध के शक में युवक का हत्यारोपी गिरफ्तार

नोएडा 09 नवम्बर (एजेंसी) नोएडा में पत्नी से अवैध संबंध के शक में एक युवक ने अपने ही पड़ोसी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आठ घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## आतंकी नेटवर्क को खत्म करने की कार्रवाई तेज, जम्मू कश्मीर के कई जिलों में सेना का सर्च आपरेशन



नई दिल्ली 09 नवम्बर (एजेंसी) जम्मू–कश्मीर में आतंकवादी नेटवर्क को जमीनी स्तर से उखाड़ फेंकने के निरंतर प्रयासों को जारी रखते हुए सुरक्षाबलों ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। रविवार को आतंकवाद और उसके समर्थक नेटवर्क के प्रति जीरो–टॉलरेंस नीति के तहत कुलगाम और रामबन जिले में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। रामबन जिले में पुलिस, सेना, सीआरपीएफ और एसओजी इकाइयों की संयुक्त टीमों ने ड्यूटी मजिस्ट्रेटों के साथ मिलकर जिलेभर के अलग–अलग संवेदनशील इलाकों में अभियान चलाया। ये अभियान आम जनता को किसी भी तरह की असुविधा पहुंचाए बिना, संगठित तरीके से चलाए गए। इसका उद्देश्य पाकिस्तान से सक्रिय जम्मू–कश्मीर के मूल निवासियों (जेकेएनओपी) के रिश्तेदारों की संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाना, संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में जानकारी जुटाना और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा कड़ी करना था। अभियानों के दौरान सुरक्षाबलों ने रामबन के अलग–अलग इलाकों में सक्रिय आतंकवादियों और ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के रिश्तेदारों और ज्ञात सहयोगियों के घरों की तलाशी ली। पुलिस टीमों ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई परिसरों का गहन निरीक्षण किया कि राष्ट्र–विरोधी या गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा तो नहीं दिया जा रहा है। पुलिस ने आम जनता से एजेंसियों के साथ सहयोग करने और अपने क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों या व्यक्तियों के बारे में कोई भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने की अपील की। इसके साथ ही, आश्वासन दिया गया कि सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। इसी तरह, कुलगाम में सुरक्षाबलों ने जिले के कई स्थानों पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की। इस अभियान में ओजीडब्ल्यू, यूएपीए और पीएसए के तहत गिरफ्तार किए गए लोगों, समर्थकों और मारे गए व सक्रिय आतंकवादियों के रिश्तेदारों के घर और अन्य ठिकानों की तलाशी ली गई। अभियान के दौरान कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया।

## खबरों का असर! लेकिन NHAI की आधी-अधूरी कार्रवाई से कस्बे में बढ़ी नाराजगी



फतेहपुर/शाह कस्बे में सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार उठ रही आवाजों और प्रतिदिन प्रकाशित समाचारों के बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (छभ्।प्) की कार्रवाई केवल खानापूर्ति तक सीमित रह गई है। रविवार को छभ्।प् टीम ने कस्बे के कुछ हिस्सों में सड़क पर केवल व्हाइट पट्टी (लाइन मार्किंग) बनाकर अपनी औपचारिकता पूरी कर दी, जबकि यह पट्टी महज हफ्ते भर में मिट जाने वाली है। इससे स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है।कस्बे में पिछले कई महीनों से सड़क सुरक्षा अव्यवस्था को लेकर लगातार समाचार प्रकाशित किए जा रहे थे। बढ़ते हादसों और खतरनाक हाफ ब्रेकरों को लेकर नेशनल मीडिया प्रेस क्लब ने 19 सितम्बर 2025 को छभ्।प् जिंदपुर टोल प्लाजा को महत्वपूर्ण ज्ञापन भी भेजा था। ज्ञापन में कस्बे में मानक अनुसार स्लाइड ब्रेकर, सड़क सुरक्षा संकेत बोर्ड, तथा स्कूल–बैंक–चौकी के पास बने अवैध और आधे असमान ब्रेकरों को पूरा बनाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल थी।लेकिन छभ्।प् ने इन गंभीर मांगों को नजरअंदाज करते हुए मात्र व्हाइट पट्टी बनाकर कार्रवाई का दिखावा किया। नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष ने इसे कोरी खानापूर्ति बताते हुए कहा कि व्हाइट पट्टी न तो हादसों को रोक पाएगी,न ट्रैफिक नियंत्रण में कोई मदद करेगी,और न ही बच्चों, राहगीरों व वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर पाएगी।उन्होंने पुनः जोर देते हुए कहा कि कस्बे में मानक स्लाइड ब्रेकर अत्यंत आवश्यक हैं।मुख्य मार्ग, स्कूल, चौकी, बैंक व चौराहों पर सुरक्षा संकेत बोर्ड लगाए जाएं।चौकी और स्कूल के पास बने अर्धनिर्मित खतरनाक हाफ ब्रेकरों को पूरा और सुरक्षित बनाया जाए।रात में दृश्यता बढ़ाने के लिए रिफ्लेक्टर पट्टियाँ व कैट आइज भी लगाए जाएं।स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार यहाँ वाहन चालक अचानक ब्रेकर न दिखाई देने से फिसल जाते हैं, और कई गंभीर हादसे भी घटित हो चुके हैं। स्कूल के समय में तो बच्चों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडराता है। लोगों का यह भी कहना है कि यदि छभ्।प् वास्तव में हादसों को रोकना चाहता है तो उसे मानक के अनुसार स्थायी समाधान करना होगा, न कि कुछ दिनों में मिट जाने वाली पट्टियाँ बनाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ना चाहिए।नेशनल मीडिया प्रेस क्लब ने फिर चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही छभ्।प् गंभीरता नहीं दिखाता, तो यह मुद्दा जिला प्रशासन से लेकर उच्च स्तर तक उठाया जाएगा। सड़क सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि जनता का मूल अधिकार है।कस्बेवासी अब उम्मीद कर रहे हैं कि लगातार छप रही खबरों और जनता की मांग को देखते हुए छभ्।प् जल्द ठोस, स्थायी और मानक अनुसार कार्यवाही करेगा, जिससे शाह कस्बे की सड़कें सुरक्षित हो सकें।

## सीएम योगी का विदेश मिशन!

## आखिर क्यों जाएंगे जापान और सिंगापुर, यूपी को लेकर चल रही है कुछ बड़ी तैयारी

लखनऊ 09 नवम्बर (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की तैयारी में जुट गए हैं। उनका लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाया जाए। इसी मिशन के तहत सीएम योगी अब खुद निवेश आकर्षित करने के लिए विदेश दौरे पर निकलने वाले हैं। वे जल्द ही सिंगापुर और जापान की यात्रा पर जाएंगे, जहां वे रोड शो करके विदेशी निवेशकों को उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए आमंत्रित करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस विदेश दौरे की रूपरेखा इंवेस्ट यूपी तैयार कर रहा है। उनके दौरे से पहले 5 सदस्यीय टीम अगले हफ्ते सिंगापुर



और जापान जाएगी। इस टीम की अगुवाई इंवेस्ट यूपी के एसीईओ शशांक चौधरी करेंगे। टीम दो दिन सिंगापुर और तीन दिन टोक्यो (जापान) में रहकर संभावित निवेशकों, वाणिज्य मंडलों और स्थानीय कारोबारियों से मुलाकात करेगी। वे उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे और लौटकर अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपेंगे। उसी रिपोर्ट के आधार पर सीएम योगी का विदेश दौरा कार्यक्रम अंतिम रूप से तय किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन है कि उत्तर प्रदेश को देश का सबसे बड़ा औद्योगिक हब बनाया जाए। इसके लिए राज्य सरकार ने कई नीतिगत सुधार किए हैं, निवेश प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। उद्योग लगाने की मंजूरी की प्रक्रिया तेज की गई है। निवेशकों को प्रशासनिक और कानूनी परेशानियों से राहत देने के लिए "सिंगल विंडो सिस्टम" लागू किया गया है। सरकार का मानना है कि ये सुधार विदेशी कंपनियों के लिए यूपी को निवेश का सबसे सुरक्षित और आकर्षक गंतव्य बना देंगे। इंवेस्ट यूपी इस समय दुनिया के 8 देशों में रोड शो की तैयारी कर रहा है। इनमें से दो देशों दृ सिंगापुर और जापान की यात्रा सीएम योगी खुद करेंगे। इसके अलावा प्रदेश के कई मंत्री भी विदेशों में निवेश आकर्षित करने के लिए रोड शो की अगुवाई करेंगे। जल्द ही यह तय किया जाएगा कि कौन मंत्री किस देश की यात्रा पर जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री टोयोटा, होंडा, सुजुकी, पैनासोनिक, तोशिबा, हिताची जैसी कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इन बैठकों का उद्देश्य है कि ये बड़ी कंपनियां यूपी में अपने प्लांट या मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने पर विचार करें। मुख्यमंत्री योगी का यह विदेश दौरा उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी

# सम्पादकीय

## अमेरिका के नाम बड़े दर्शन छोटे

इसमें कोई शक या विवाद नहीं है कि अमेरिका दुनिया की एक मात्र सुपर पॉवर है। अपनी सैन्य और मजबूत अर्थव्यवस्था, हालांकि अब पहले जैसी मजबूत नहीं है, फिर अमेरिका सारी दुनिया में सबका चौधरी बना फिरता है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि अभी पिछले दिनों अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने एक बयान में कहा कि अमेरिका के पास इतनी ताकत है कि वह सारी दुनिया को 150 बार खत्म कर सकता है। लेकिन वहीं दूसरी ओर क्या आपको पता है कि जो अमेरिका पूरी दुनिया को अपनी सैन्य और आर्थिक ताकत का धौंस दिखाता है वहां के हर आठवें इंसान में से एक को अपना पेट भरने के लिए सरकारी कूपन (फूड स्टैंप) पर निर्भर रहना पड़ता है? हालांकि गरीब अमेरिकियों के लिए चलाए जाने वाला यह प्रोग्राम ठप पड़ गया है। पिछले एक महीने से अमेरिका में सरकार का शटडाउन हुआ पड़ा है और इस कारण इस प्रोग्राम को मिलने वाली फंडिंग भी खत्म हो गई है। अमेरिका में चलने वाले इस प्रोग्राम का नाम– फेडरल सप्लीमेंट न्यूट्रिशन असिस्टेंट प्रोग्राम यानी एसनैप नाम है। मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार इस प्रोग्राम के एक ऐसे ही लाभार्थी एरिक डनहम हैं जो 36 वर्षीय व्यक्ति है. एक दुर्घटना के बाद वो विकलांग हो गए हैं और उन्हें जिंदा रहने के लिए इस प्रोग्राम के तहत मिलने वाले फूड स्टैंप की जरूरत है। उन्होंने ने बताया, अगर मुझे फूड स्टैंप नहीं मिलेंगे तो मैं खा नहीं पाऊंगा। उन्होंने बताया कि उनके सभी खर्चों के बाद, उनके पास हर महीने के लिए केवल 24 डॉलर (2134 रुपए) बचे हैं।



नफीस जाफरी

अमेरिकी की संसद में दोनों पार्टियों– रिपब्लिकन और डेमोक्रेट के बीच चल रहे बजट मतभेदों के कारण वहां की फेडरल यानी केंद्र सरकार 1 अक्टूबर को शटडाउन की स्थिति में चली गई थी। यानी उसका बजट पास नहीं हो पाया है और सरकार को अपना काम करने के लिए कोई फंड नहीं मिला है। ऐसे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने घोषणा की है कि वह अब – फेडरल सप्लीमेंट न्यूट्रिशन असिस्टेंट प्रोग्राम को फंड नहीं करा पाएगी। यह प्रोग्राम अमेरिका में छह दशक पहले शुरू हुआ था और यह पहली बार है जब इस प्रोग्राम को फंड नहीं मिलेगा। हालांकि सरकार की इस घोषणा के बाद एक फेडरल जज ने हस्तक्षेप किया और सरकार को – फेडरल सप्लीमेंट न्यूट्रिशन असिस्टेंट प्रोग्राम को चालू रखने के लिए अपनी इमरजेंसी फंड का उपयोग करने का आदेश दिया। ट्रंप की तरफ से कहा कि वह इस आदेश का पालन करेंगे। हालांकि मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार नौकरशाही की इस रस्साकशी के बीच अमेरिका में कई गरीबों को उनको मिलने वाली सहायता बाधित हुई है। ह्यूस्टन फूड बैंक के अध्यक्ष ब्रायन ग्रीन ने बताया कि – फेडरल सप्लीमेंट न्यूट्रिशन असिस्टेंट प्रोग्राम रुकने से ह्यूस्टन क्षेत्र में लगभग 425,000 घर प्रभावित होंगे... इसलिए हर समुदाय इस बीच इन परिवारों की मदद के लिए आगे आने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने समझाया कि – फेडरल सप्लीमेंट न्यूट्रिशन असिस्टेंट प्रोग्राम की फंडिंग फिर से शुरू करने के न्यायिक आदेश के बावजूद, राज्यों को इस प्रोग्राम को फिर से शुरू करने में कई दिन लगेंगे... उन सभी को रुकना पड़ा क्योंकि उनके पास पैसे नहीं थे।

# भारत के लोगों में देश छोडने की बेचौनी

पहले कुछ आंकड़ों से ही बात शुरू करते हैं। ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट यानी ओईसीडी की ओर से सोमवार, तीन नवंबर को इंटरनेशनल माइग्रेशन आउटलुक 2025 जारी किया गया। इसके मुताबिक 2023 में सवा दो लाख भारतीयों ने ओईसीडी समूह के देशों की नागरिकता हासिल की। इस अवधि में पूरी दुनिया से करीब 28 लाख लोगों ने ओईसीडी देशों की नागरिकता ली है, जिसमें अकेले भारत से सवा दो लाख लोग हैं।


भारत के बाद दूसरे स्थान पर फिलीपींस है, जिसके एक लाख 32 हजार लोगों ने 2023 में ओईसीडी देशों की नागरिकता हासिल की है। तीसरे स्थान पर चीन है, जिसके 96 हजार लोग इन देशों में बसे। भारतीय लोगों में ओईसीडी समूह के देशों की नागरिकता लेने का यह ट्रेंड ऐसा नहीं है कि एक साल का है। यह साल दर साल बढ़ता जा रहा है। 2022 में दो लाख 15 हजार के करीब लोगों ने ओईसीडी देशों की नागरिकता ली थी और उससे पहले 2021 में दो लाख सात हजार के करीब लोग इन देशों में जाकर बसे थे।

ओईसीडी समूह में कुल 38 देश हैं, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा जैसे देश शामिल हैं। इसमें उत्तरी अमेरिकी देशों के अलावा ज्यादातर यूरोपीय देश हैं। इन देशों की विशेषता यह है कि ये आर्थिक रूप से विकसित तो हैं ही साथ ही इन देशों में मानव जीवन के अनुकूल सबसे बेहतर स्थितियां हैं। हवा और पानी स्वच्छ है। खाने पीने की चीजें प्रदूषित नहीं हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत बेहतर है। स्वास्थ्य व शिक्षा की विश्व स्तरीय व्यवस्था है और मानवाधिकारों के प्रति सजग दृष्टि है। तभी दुनिया भर के लोग इन देशों में बसना चाहते हैं। यह अलग बात है कि इन देशों के नागरिकों में बाहरी लोगों के प्रति नाराजगी बढने लगी है और वे खुल कर विरोध करने लगे हैं। बहरहाल, भारत की नागरिकता छोडने वालों में सबसे ज्यादा 78 हजार से कुछ ज्यादा लोगों ने कनाडा में नागरिकता ली है, जबकि 52 हजार से कुछ ज्यादा लोग अमेरिका के नागरिक बने हैं। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड का नंबर है।

इन आंकड़ों के बीच एक बड़ा दिलचस्प ट्रेंड यह दिख रहा है कि 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है और यह प्रचार शुरू हुआ है कि भारत विश्वगुरू बन रहा है और दुनिया में भारत का डंका बज रहा है उसके बाद लोगों के देश छोडने का चलन ज्यादा बढ़ा है। इसमें अचानक बहुत तेज बढ़ोतरी हुई है। भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने से एक साल पहले 2013 में सिर्फ 15,388 भारतीयों ने ओईसीडी समूह के देशों की नागरिकता ली थी। ध्यान रहे उस समय इन देशों की नागरिकता हासिल करना बहुत आसान था। इन देशों में नाममात्र के लिए भी भारत विरोध की भावना नहीं थी। इन देशों के नागरिक भारतीय लोगों का खुले दिल से स्वागत करते थे। फिर भी भारत की नागरिकता छोड़ कर इन देशों में जाने वालों की संख्या बहुत सीमित थी। अब इन देशों में खास कर शीर्ष चार देशों, कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन में भारत विरोधी भावनाएं बहुत बढ़ गई हैं। इन देशों के कई शहरों में भारतीय नागरिकों के ऊपर हमले हुए हैं और देश छोड़ कर जाने को कहा गया है। आए दिन भारत के लोग घृणा और हिंसा का शिकार हो रहे हैं। इतना ही नहीं इन देशों ने नागरिकता के नियम भी सख्त कर दिए हैं। फिर भी भारत छोड़ कर इन देशों की नागरिकता लेने की होड़ मची है।

दिलचस्प बात यह है कि भारत से लोग किसी मानवीय संकट की वजह से इन देशों में नहीं जा रहे हैं। दुनिया के कई देशों खास कर मुस्लिम देशों से शरणार्थी मानवीय संकट के कारण इन देशों में जा रहे हैं। लेकिन भारत से जाने का ट्रेंड आउट ऑफ च्वाइस है। यानी लोग अपनी पसंद से इन देशों में जा रहे हैं। नागरिकता हासिल करने से पहले बड़ी संख्या में भारतीय लोग इन देशों में कामकाज के सिलसिले में जा रहे हैं। 2023 में करीब छह लाख भारतीय इन देशों में पेशेवर कारणों से गए।

# ज़मीन घोटाला-बेटे पार्थ के बचाव में आगे आए अजित पवार



गुलफिशा खान

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और एनसीपी ( अजित पवार) गुट के नेता अजित पवार के बेटे पर जमीन घोटाले का गंभीर आरोप लगा है। इससे महाराष्ट्र की सियासत में नया भूचाल मच गया है। अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की कंपनी पर महाराष्ट्र में दो अलग–अलग जगहों पर करोड़ों की कीमती जमीन कम कीमत में खरीदने का आरोप लगा है। इस मामले में दो एफआई आर भी दर्ज हुई है। हालांकि इस लेख के लिखे जाने तक अभी तक दर्ज हुई दोनों एफआईआर में पार्थ पवार का नाम नहीं है। लेकिन पुलिस सूत्रों का कहना है कि जांच बढ़ने पर पार्थ पवार पर भी आपराधिक मामला दर्ज किया जा सकता है। दरअसल अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की कंपनी अमेडिया होल्डिंग्स एलएलपी के खिलाफ जमीन घोटाले का एक और नया और चौंकाने वाला घोटाला सामने आया है। अभी तक दो प्रमुख जमीन घोटाले सामने आए, जिनमें कई गंभीर वित्तीय अनियमितताएं शामिल हैं। पहला मामला (कोरेगांव पार्क/मुंढवा) का है यह जमीन महार वतन की बताई जा रही है। जिसका मूल्य ध्1800 करोड़ था, लेकिन इसे कथित तौर पर सिर्फ ध्300 करोड़ में खरीदा गया। इस सौदे में स्टैंप ड्यूटी में भी भारी छूट दी गई। दूसरा मामला (खड़क पुलिस स्टेशन क्षेत्र) का है यह मामला पुणे में शासकीय डेरी की जमीन को अवैध रूप से हड़पने से संबंधित है, जिसके खुलासे के पार्थ पवार की कंपनी "अमेडिया" कंपनी के खिलाफ खड़क पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। फिलहाल कुल दो एफआईआर




दर्ज की गई हैं। एक एफआईआर मुंढवा मामले में –कुल चार आरोपी बनाए गए हैं, इनमें पार्थ का नाम नहीं है लेकिन दिग्विजय पाटिल का नाम है जो पार्थ की कंपनी "अमेडिया" में 1 प्रतिशत के भागीदार हैं और सुनेत्रा पवार के भांजे हैं! बाक़ी तीन आरोपी हैं– शीतल तेजवानी और तहसीलदार सहित दो सरकारी अधिकारी है। दूसरी एफआईआर शासकीय डेयरी जमीन हडपने के मामले में पार्थ पवार की कंपनी "अमेडिया" कंपनी के खिलाफ दर्ज हुई है। इस एफआईआर में कुल 6 आरोपी बनाये गए हैं, अमेडिया कंपनी, दिग्विजय पाटिल, शीतल तेजवानी, दो सरकारी अफ़सर, एक अन्य व्यक्ति (लाइज़निंग एजेंट) है।

बहरहाल जैसा कि उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में दो अलग–अलग जगहों पर करोड़ों की कीमती जमीन कम कीमत में खरीदने का पुलिस मामले की जांच में जुटी है। तो वहीं बीते दिनों इस जमीन खरीद घोटाले के खिलाफ दलित समाज के लोग पुणे में सड़कों पर भी उतरे। बढ़ते विवाद के बीच अब इस मामले में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने खुलकर प्रतिक्रिया दी है। अजित पवार ने कहा– पुणे की जिस विवादित जमीन को मेरे बेटे पार्थ पवार से जुड़ा बताया जा रहा है, वह डील रद्द कर दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्थ को यह नहीं पता था कि उक्त जमीन सरकारी है। अजित पवार ने आगे कहा, मैंने अपने पिछले 35 साल के राजनीतिक जीवन में कभी किसी नियम का उल्लंघन नहीं किया है। अगर मेरे परिवार या मेरे किसी करीबी ने कुछ गलत करने की कोशिश की, तो मैंने कभी उसका समर्थन नहीं किया। अजित पवार ने इस मामले में बेटे का बचाव करते हुए कहा कि मैंने पूरे मामले की जानकारी ली। सीएम फडणवीस को फोन कर कहा कि वो जांच के आदेश दे सकते हैं। अजित पवार ने आगे कहा कि सभी दस्तावेज़ और लेन–देन अब रद्द कर दिए गए हैं। संबंधित मामले में आरोपों की जांच के लिए आज अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजस्व और पुणे संभागीय आयुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की एक समिति गठित की गई है। रिपोर्ट एक महीने में पेश की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने आगे कहा कि मैं अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों को आदेश देता हूं कि यदि कोई मेरे नाम का प्रयोग करके किसी भी कार्य या लेन–देन के लिए दबाव डालता है, तो वे अब किसी भी दबाव में न आएं और किसी भी प्रकार के गलत कार्य में शामिल न हों। विदित हो कि किसने लेन देन किया और किसने दबाव बनाया जहां तक इसका सवाल है तो सबकी जांच होने की बात की जा रही है। कहा जा रहा है कि संबंधित मामले में अभी तक कोई लेन–देन नहीं हुआ है।

# जर्जर हो चुके गाज़ा के स्कूल फिर हुए गुलज़ार



शबाब हुसैन

इजरायल और फिलिस्तीन के बीच जारी संघर्ष में अब फिलिस्तीन की विदेश मंत्री ने भारत को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। मीडिया के साथ एक खास इंटरव्यू में, फिलिस्तीन की विदेश मंत्री डॉक्टर वारसेन शाहीन ने मिडिल ईस्ट में भारत की बढ़ती कूटनीतिक और मानवीय भूमिका की सराहना की। साथ ही भारत को इजरायल और फिलिस्तीन के बीच एक भरोसेमंद दोस्त और शांति के लिए संभावित सेतु बताया. है। फिलिस्तीनी को नए सिरे से अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलने के बीच, उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास हमेशा से ही एक संतुलित कूटनीति और नैतिक नेतृत्व वाला रहा है। ऐसे में वह टू–स्टेट्स समाधान को फिर से जिंदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। विदित हो कि डॉक्टर शाहीन ने फिलिस्तीन के लिए भारत के लंबे समय से जारी समर्थन को याद किया। उन्होंने कहा भारत ने साल 1970 के दशक में फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन (पीएलओ) को मान्यता दी थी। साथ ही 1947 में संयुक्त राष्ट्र विभाजन योजना के खिलाफ मतदान किया था। उनका कहना था कि भारत के साथ फिलिस्तीन के रिश्ते दशकों पुराने हैं। फिलिस्तीन ने हमेशा भारत को संयुक्त राष्ट्र में और मानवीय सहायता के जरिये से सिर्फ शब्दों से नहीं, बल्कि विकास के जरिये भी साथ खड़ा देखा है। डॉक्टर शाहीन ने वेस्ट बैंक और गाजा में आईटी, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा



और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भारत की तरफ से जारी प्रोजेक्ट्स को उसकी प्रतिबद्धता के प्रमाण के तौर पर बताया है। उन्होंने कहा, जब मैं रामल्लाह से गुजरती हूं, तो मुझे हर जगह भारत की छाप दिखाई देती है – स्कूलों, क्लीनिकों और टेक्निकल सेंटर्स में, फिलिस्तीनी लोगों के लिए भारत का समर्थन बताता है कि दोस्ती मौसमी नहीं होती बल्कि यह ऐतिहासिक होती है।

वहीं दूसरी ओर जहां तक गाजा का सवाल है तो गाजा में दो साल की जंग के बाद बच्चे स्कूलों को लौटने लगे हैं। फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने बीते सप्ताह घोषणा की है कि गाजा में सीजफायर की शुरुआत के बाद से वह क्षेत्र में कुछ स्कूलों को फिर से खोल रही है, जिसमें बच्चे धीरे–धीरे क्लास में लौट रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी प्रमुख फिलिप लाजारिनी ने बीते कहा था कि 25,000 से अधिक स्कूली बच्चे पहले ही एजेंसी के अस्थायी शिक्षण स्थानों में शामिल हो चुके हैं, जबकि लगभग 300,000 बच्चे ऑनलाइन क्लास में जुड़ेंगे। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसा बीते 1 नवंबर को मध्य गाजा पट्टी के पश्चिमी नुसीरत में अल हसनैना स्कूल में टूटे ही क्लासों में ही बच्चों की पढ़ाई फिर से शुरू हो गई। रिपोर्ट के अनुसार यहां 11 साल की स्टूडेंट वर्दा राडवान ने कहा कि वह फिर से उस रूटीन में आना चाहती है जहां वो हर रोक कुछ सीखे। उसने कहा, मैं अभी छठी कक्षा में हूं लेकिन बार बार जगह बदलने और लड़ाई के कारण मेरी दो साल की पढ़ाई बर्बाद हो गई। इजरायल और हमास के बीच दो साल के युद्ध के दौरान यह स्कूल भी पूरे क्षेत्र में कई मौजूद अन्य संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी फैसिलिटी की तरह दर्जनों विस्थापित परिवारों के लिए आश्रय बन गया था। स्कूल में उन विस्थापित परिवारों की उपस्थिति अभी भी इस इमारत की तीन मंजिलों पर लगी कपड़े धोने की लाइनों में दिखाई दे रही थी। उस बच्ची ने बताया कि क्लासेज धीरे–धीरे फिर से शुरू हो रही हैं क्योंकि स्कूल वहां रहने वाले परिवारों के जाने के बाद खाली हो गया है। एक छात्र की रिश्तेदार जेनिन अबू जराद ने कहा कि वह बच्चों को स्कूल में वापस देखकर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा, 7 अक्टूबर 2023 से हमारे बच्चों के लिए कोई स्कूल नहीं था... इस दो सालों के दौरान वे बस पानी लाना, खाना लाना या सड़कों पर खेलना ही कर सकते थे। लेकिन शुक्र है कि लगभग एक सप्ताह से दस दिन पहले, स्कूल धीरे–धीरे फिर से खुलने लगे।

# बादाम उगाएं व पशुओं को खिलाएं नेपियर

कृषि एवं पशुपालन में किसानों को जागरुक करने की जरूरत होती है। अब अकेले कृषि करना बहुत लाभदायक नहीं रह गया है। दुधारू पशुओं का दूध बढ़ाने के लिए नेपियर या हाथी घास बहुत अच्छी मानी जाती है। किसानों का मानना है कि इससे दूध उत्पादन में 15 से 20 फीसद तक वृद्धि हो जाती है। इसी प्रकार बादाम के बारे में तो हम सभी जानते हैं। इसकी खेती भी नवम्बर व दिसम्बर के महीने में की जाती है। इससे कमाई तो भरपूर होती है लेकिन किसान बादाम की खेती करने से पहले अपने खेत की मिट्‌टी की जांच अवश्य करवा लें इसके लिए मिट्‌टी की पीएच मान 6.5 से 7.5 के बीच होना चाहिए। सब्जी का एक प्रमुख मसाला लहसुन होता है। यह कई बीमारियों की मुफीद औषधि भी है। इसकी खेती से भी किसान काफी मुनाफा ले सकते हैं।

बादाम की खेती : अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर का महीना बादाम की खेती के लिए सबसे अनुकूल समय माना जाता है। इस दौरान मिट्टी में नमी संतुलित रहती है और तापमान 15 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है, जो पौधों की जड़ों को मजबूत बनाता है। सर्द मौसम में लगाए गए पौधे गर्मियों तक अच्छी तरह विकसित हो जाते हैं। यही कारण है कि किसान इन महीनों में पौधारोपण करके अधिक उत्पादकता और बेहतर गुणवत्ता के बादाम प्राप्त कर सकते हैं। इससे अच्छी खासी कमाई भी होती है। कृषि विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि बादाम की फसल ठंडी और शुष्क जलवायु में सबसे अच्छी होती है। इसे बलुई–दोमट मिट्टी की जरूरत होती है, जिसमें जल निकासी उत्तम हो। गीली या पानी जमने वाली मिट्टी बादाम के लिए हानिकारक होती है, क्योंकि जड़ सड़ने का खतरा बढ़ जाता है। खेती से पहले मिट्टी की जांच अवश्य कराएं ताकि आवश्यक पोषक तत्वों की जानकारी मिल सके। मिट्टी का पीएच मान 6.5 से 7.5 के बीच होना चाहिए। खेती शुरू करने से पहले खेत को दो से तीन बार अच्छी तरह जोतें। इसके बाद पौधो लगाने के स्थान पर 1X1X1 मीटर के गड्ढे खोदें। हर गड्ढे में 20–25 किलोग्राम सड़ी हुई गोबर की खाद, थोड़ी रेत और मिट्टी मिलाकर भरें। इससे पौधों को शुरुआती पोषण मिलता है। साथ ही खेत को धूप में कुछ दिन खुला छोड़ दें ताकि कीट और फफूंदी नष्ट हो जाए। बादाम के पौधे एक–दूसरे से 5 से 6 मीटर की दूरी पर लगाएं। इससे पेड़ों को बढ़ने के लिए पर्याप्त स्थान मिलता है।

दुधारू पशुओं को खिलाएं नेपियर घास : अगर आप पशुपालन या डेयरी व्यवसाय से जुड़े हैं और दूध उत्पादन बढ़ाना चाहते हैं, तो यह खबर आपके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। देशभर के कई किसान अब "नेपियर" या "हाथी घास" की खेती करके लाखों रुपये की कमाई कर रहे हैं। यह घास न केवल गाय–भैंसों के लिए पौष्टिक आहार है, बल्कि एक बार लगाने के बाद 8 से 10 साल तक लगातार हरा चारा देती रहती है। इसकी खासियत है कि इसे ज्यादा देखरेख या पानी की जरूरत नहीं होती, और यह कम मेहनत में भी बेहतरीन उत्पादन देती है। कई पशुपालकों का अनुभव बताता है कि नेपियर घास खिलाने से दूध उत्पादन में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि होती है। इस घास में प्रोटीन, कैल्शियम और फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पशुओं की सेहत को बेहतर बनाती है। गाय–भैंस इस चारे को बहुत पसंद करती हैं, क्योंकि इसका स्वाद मीठा और मुलायम होता है। नियमित रूप से इसे खिलाने से पशु की ताकत बढ़ती है, भूख बढ़ती है और बीमारियां कम होती हैं।

किसान बताते हैं कि दो साल पहले अपने खेत में नेपियर घास लगाई थी। आज उनके पास इतना हरा चारा होता है कि आसपास के पशुपालक भी उनसे खरीदने आते हैं। उनका कहना है कि "पहले मेरी भैंसें दिनभर में 8 से 9 लीटर दूध देती थीं, लेकिन नेपियर खिलाने के बाद यह मात्रा बढ़कर 12 से 14 लीटर तक पहुंच गई है। इससे आमदनी में भी बड़ा फर्क आया है।" नेपियर घास की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे एक बार लगाने के बाद 8–10 साल तक दोबारा बीज बोने की जरूरत नहीं पड़ती। इसकी कटाई हर 45–50 दिन में की जा सकती है। एक हेक्टेयर में 1500 से 2000 क्विंटल तक हरा चारा सालाना उत्पादन होता है। अगर किसान चाहे तो इसके कटिंग्स बेचकर भी अतिरिक्त आमदनी कर सकता है। इसकी सिंचाई सामान्य फसलों की तुलना में कम करनी पड़ती है। एक बार जड़ें मजबूत हो जाएं, तो यह सूखे मौसम में भी बढ़ती रहती है। यही वजह है कि यह उन क्षेत्रों में भी सफल है जहां पानी की कमी रहती है।

नेपियर घास न केवल पशुओं के लिए उपयोगी है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी लाभदायक है। इसकी जड़ें मिट्टी को मजबूती देती हैं और भूमि कटाव को रोकती हैं।

लहसुन की खेती : लहसुन न सिर्फ रसोई की जरूरत है, बल्कि किसानों के लिए मुनाफे की एक सुनहरी फसल भी साबित भी है। अगर इसकी खेती सही तकनीक और बेहतर बीजों के साथ की जाए तो कम लागत में अधिक उपज और बढ़िया आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। भारत में लहसुन की बढ़ती मांग और प्रोसेसिंग इंडस्ट्री में इसके इस्तेमाल ने किसानों के लिए इसके उत्पादन को एक लाभकारी विकल्प बना दिया है। भारत सरकार की एक संस्था एनएचआरडीएफ इस फसल का बीज तैयार करती है। किसान वहां से प्रमाणित बीज प्राप्त कर सकते हैं। एनएचआरडीएफ द्वारा विकसित जी–1, जी–50 और जी–82 जैसी प्रचलित किस्में बेहतर उपज देती हैं। बीज हमेशा किसी मानक और प्रमाणित संस्था से ही खरीदा जाना चाहिए ताकि फसल में गुणवत्ता बनी रहे।लहसुन की खेती के लिए







अक्टूबर से नवंबर का समय सबसे उपयुक्त माना जाता है, क्योंकि इस दौरान तापमान ठंडा और नमी संतुलित रहती है, जो इसके अंकुरण के लिए आदर्श होती है। वहीं दक्षिण भारत या गर्म इलाकों में इसकी बुवाई सितंबर के अंत से दिसंबर तक की जा सकती है। लहसुन की बुवाई के लिए अच्छी जलनिकासी वाली दोमट या बलुई दोमट मिट्टी उपयुक्त रहती है। आमतौर पर ये फसल 4 से 5 माह में तैयार हो जाती है और यदि वैज्ञानिक तरीके से की जाए तो इससे अच्छी उपज और मुनाफा दोनों प्राप्त किए जा सकते हैं। (हिफी)

# शाह कस्बे में चौकी और स्कूल के पास बना अवैध हाफ ब्रेकर साबित हो रहा जानलेवा

## दो माह पूर्व नेशनल मीडिया प्रेस क्लब द्वारा दिए गए ज्ञापन पर भी नहीं हुई कार्रवाई



फतेहपुर जिले के शाह कस्बे में सड़क सुरक्षा को लेकर विभागीय लापरवाही अब गंभीर रूप ले चुकी है। रिपोर्टिंग पुलिस चौकी के ठीक सामने और बाल मन्दिर स्कूल के पास बनाया गया अवैध हाफ ब्रेकर लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। मानकों, नियमों और सड़क सुरक्षा दिशानिर्देशों की पूरी तरह अनदेखी कर बनाए गए इस ब्रेकर ने स्थानीय लोगों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों की जान जोखिम में डाल दी है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह ब्रेकर न केवल गलत ऊँचाई और चौड़ाई का है, बल्कि बिना किसी विभागीय अनुमति और डिजाइन के बनाया गया है। यहाँ न रिफ्लेक्टर लगे हैं न चेतावनी बोर्ड, न रोड मार्किंग और न ही स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था है। रात में यह पूरी तरह अदृश्य हो जाता है और कई वाहन अचानक उछलकर गिरने से बाल–बाल बचते हैं। दोपहिया चालकों के घायल होने की घटनाएँ भी सामने आ चुकी हैं।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह जानलेवा ब्रेकर पुलिस चौकी के ठीक सामने मौजूद है, फिर भी अब तक इसे हटाने या सुधारने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई। रोजाना हजारों लोगों का इस रास्ते से आवागमन होने के बावजूद जिम्मेदार चुप्पी सवाल खड़े कर रही है।लगभग दो माह पूर्व नेशनल मीडिया प्रेस क्लब ने इस समस्या को लेकर शाह रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी के माध्यम से एक औपचारिक ज्ञापन भी सौंपा था, जिसमें इस खतरनाक ब्रेकर को हटाकर उसकी जगह मानक अनुसार स्लाइड पट्टी (रम्बल स्ट्रिप) बनाने और उचित संकेतक बोर्ड लगाने के साथ कस्बे के चौराहे व बैंक वाली गली के पास स्पीड स्लाइड ब्रेकर के साथ संकेत बोर्ड की मांग की गई थी। ज्ञापन में यह भी उल्लेख था कि वर्तमान स्थिति किसी बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकती है।इस संबंध में चौकी प्रभारी आकाश मिश्र ने नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष से वार्तालाप में बताया कि ज्ञापन की रिपोर्ट छभ्।प् को भेज दी गई है।हालाँकि, इस पर जिला अध्यक्ष का कहना है अगर रिपोर्ट भेजी गई है, तो फिर जिम्मेदार विभाग अब तक संज्ञान क्यों नहीं ले रहा? कार्रवाई क्यों लंबित है स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रेस क्लब जैसे मान्यता प्राप्त संगठन की शिकायत को भी अनदेखा करना छभ्।प् के जिम्मेदार अधिकारियों की गंभीर उपेक्षा को दर्शाता है।कस्बे के व्यापारियों,अभिभावकों,ग्रामीणों और राहगीरों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस अवैध ब्रेकर को नहीं हटाया गया,तो वे उग्र विरोध करने को मजबूर होंगे और मामला उच्च अधिकारियों के कार्यालय तक ले जाया जाएगा।शाह कस्बे में चौकी और स्कूल के सामने बना यह अवैध हाफ ब्रेकर किसी भी दिन बड़ा हादसा कर सकता है। सभी पक्ष अपनी बात कह चुके हैं।अब सवाल यह है कि एनएचएआई के जिम्मेदार अधिकारी कब कार्रवाई करेंगे।

# अपहरण की घटना का मुख्य अभियुक्तपुलिस मुठभेठ में गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। अपहरण की घटना में वांछित 25 हजार के इनामी मुख्य अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान जसपुरा पुलिस ने गिरतार किया है। गिरतार अभियुक्त के पास से अवैध तमंचा व कारतूस तथा रुपए भी पुलिस ने बरामद किया है। अभियुक्त के ऊपर कई संगीन धाराओं में मुकदमें भी दर्ज हैं। चोरी, अपहरण, लूट, मारपीट, गुंडा एक्ट जैसे गंभीर धाराओं मे जसपुरा थाने में मुकदमे दर्ज हैं। अभी कुछ महीने पहले जसपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव से अपहरण की घटना को अंजाम अभियुक्त व उसके साथियों ने दिया था जिसको पुलिस के द्वारा 24 घंटे में अपहृत युवक को शकुशल बरामद किया गया था और अभियुक्त के तीन साथियों को पुलिस ने गिरतार कर जेल भेजा था, तभी से मेंन अभियुक्त भानु प्रताप, पुलिस से आंख मिचौली करके बचता चला आ रहा था। अपहरण के मुख्य अभियुक्त की सूचना पुलिस को देर रात मे हुई जहां झंझरी रोड पर पुलिस ने अभियुक्त को रोकने का प्रयास किया, तो अभियुक्त ने पुलिस पर फायर छोंक दी जिस कारण से, जवाबी कार्यवाही पर पुलिस के द्वारा चलाई गई गोली में अभियुक्त के पैर में गोली लगी, और उसको देर रात को जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में उपचार के लिए भर्ती करवा दिया गया है जहां उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है।

# भाजपा छोड़कर कांग्रेस का थामा दामन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता युवा एवं सक्रिय कार्यकर्ता भाजपा छोड़कर शामिल कराया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि वर्तमान समय में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की नीतियों से प्रभावित होकर देश के अन्दर खासकर युवा वर्ग कांग्रेस में भारी पैमाने पर जुड़ने का क्रम जारी है। इसी क्रम में आज जिला कांग्रेस कार्यालय में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे ग्राम पिपरोदर, ब्लॉक जसपुरा निवासी .पाशंकर सोनी अपने अनेक साथियों सहित कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की गई, जिनका ससम्मान कांग्रेस की पट्टिका डालकर कांग्रेस ज्वाइन कराई गई। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वालों में .पाशंकर सोनी, विकास कुमार सविता, रियाजुद्दीन, इमामुद्दीन, सफकत खां शामिल हुए। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित कार्यालय मंत्री शिवबली सिंह, उपाध्यक्ष डॉ संजय द्विवेदी दनादन, बल्देव वर्मा एडवोकेट, जिला महामंत्री, मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, कंट्रोल रूम प्रभारी बीलाल, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, सुखदेव गांधी आदि प्रमुख कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला, मौके पर मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोली, सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग–30 पर रविवार तड़के एक हृदय विदारक दुर्घटना में सड़क किनारे खड़े एक युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास में जुटी है। कारीपाकर–मिर्जापुर के पास हादसा महोली इंस्पेक्टर जंग बहादुर पांडेय ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग–30 (दिल्ली–लखनऊ) पर कारीपाकर और मिर्जापुर गांव के बीच हुआ। एक तेज रतार और अज्ञात वाहन चालक ने सड़क किनारे खड़े युवक को जोरदार टक्कर मारी और कुचल दिया, जिसके परिणामस्वरूप उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। टक्कर के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, मृतक युवक ने रंगीन लाइन वाली टी–शर्ट, नीली–सफेद जैकेट और मेहंदी रंग की पैंट पहन रखी थी। घटनास्थल से सड़क किनारे उसका एक झोला और काली शॉल भी बरामद हुई है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि वह किसी वाहन का इंतजार कर रहा था या बस किनारे खड़ा था। इंस्पेक्टर ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव की शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अज्ञात वाहन और चालक की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मिनी मैराथन रेस का हुआ शुभारंभ

## - पुलिस उपाधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



न्यूज वाणी ब्यूरो

पलिया कलां, खीरी। प्रतिभा फाउंडेशन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित प्रथम चरण की स्व. नवीन चंद्र गुप्ता स्मारक मिनी मैराथन रेस में रविवार को समय प्रातः 9.00 बजे, स्थान नवीन सर्विस स्टेशन सिनेमा चौराहा से प्रारंभ होकर स्टेशन चौराहा से पुराना बस स्टैंड होते हुए सीओ ऑफिस चौराहा होते हुए स्टेशन रोड, बाईपास रोड होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर समापन हुआ। मिनी मैराथन रेस का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह परिहार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। मिनी मैराथन में एक दर्जन विद्यालयों के 60 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। मिनी मैराथन रेस में प्रथम स्थान हरमीत सिंह, बल्देव वैदिक विद्यालय इंटर कालेज, पलिया एवं द्वितीय स्थान अनीश मौर्य, स्मृति पब्लिक स्कूल, भीरा एवं तृतीय स्थान अरुण, बल्देव वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज ने प्राप्त किया। इसी प्रकार सांत्वना पुरस्कार गोल्डन लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल पलिया के आलोक, बल्देव वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज के आदित्य, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रियांशु गुप्ता व एकमजोत सिंह,गुरुकुल एकेडमी के शिवम् कुमार सहित बल्देव वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज के अमन, करन कुमार, दीपक ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक पलिया जितेंद्र सिंह परिहार द्वारा स्व0 नवीन चंद्र गुप्ता मेमोरियल मिनी मैराथन में समस्त विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व नगद धनराशि देकर पुरस्.त व सम्मानित किया मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा फाउंडेशन के द्वारा आयोजित शैक्षिक, सामाजिक और शारीरिक उत्थान हेतु मिनी मैराथन रेस और विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जाना काफी सराहनीय कार्य है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है, साथ ही मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनसमूह पेट्रोल पम्प स्वामियों व गणमान्य नागरिकों से किया। यातायात सुरक्षा जागरूकता हेतु बैनर लगवाने का अनुरोध, आगामी गन्ना सीजन के . ष्टिगत उपस्थित लोगों से किया हेलमेट, सीटबेल्ट सहित यातायात नियमों के पालन करने का अनुरोध किया। प्रतिभा फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित मिनी मैराथन रेस में आए सभी सम्मानित अतिथिगणों, पत्रकार बंधुओं व गणमान्य नागरिकों व शिक्षकों को अनूप गुप्ता व नवनीत गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से आभार प्रकट कियज्ञं प्रतिभा फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित स्व. नवीन चंद्र गुप्ता स्मारक मिनी मैराथन रेस में प्रतिभा फाउंडेशन के अध्यक्ष सलिल अग्रवाल, महासचिव .ष्णावतार सिंह भाटी, उपाध्यक्ष जफर अहमद टीटू, वरिष्ठ मंत्री अमित महाजन एडवोकेट, मंत्री फुरकान अंसारी, मंत्री शेर सिंह, संजय कुमार राठौर, गुरशरण सिंह नागी, राजकुमार अग्रवाल, निरंजन लाल अग्रवाल सहित प्रायोजक अनूप कुमार गुप्ता, नवनीत गुप्ता, दर्शन सिंह हिंदुस्तानी, बलजीत सिंह, मेहर चंद्र अरोरा, राजेश गुप्ता, बलराम गुप्ता, देवेंद्र सिंह मुन्ना चौधरी, समाजसेवी आलोक, मुकेश अग्रवाल, अनूप श्रीवास्तव, विकास अग्रवाल, सुनीत पाण्डेय, डॉ. रविन्द्र सिंह, विश्वकांत त्रिपाठी, गौरव गुप्ता सहित अन्य सम्मानित पत्रकार बंधु, गणमान्य नागरिक व नगर व क्षेत्र के अनेकों विद्यालय के शिक्षकगण आदि उपस्थित रहे। मिनी मैराथन रेस के आयोजन में पलिया थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी और पलिया पुलिस दल बल का सक्रिय सहयोग रहा। समापन से पूर्व मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र सिंह परिहार, थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी को पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# नियमित व्यायाम व संतुलित आहार से शरीर को रख सकते निरोगी : डा0 सुधीर



न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। नियमित व्यायाम और संतुलित आहार तथा विशेष रूप से साफ सफाई से हम अपने शरीर को निरोगी रख सकते हैं उक्त विचार डॉक्टर सुधीर चौधरी ने जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन आफ इंडिया व श्री पीताम्बरा शिक्षा समिति एवं केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम बेनी सराय में आयोजित स्वास्थ्य शिक्षा कार्यशाला में ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अगर हम बीमार होने से पहले ही कुछ सावधानियां बरतते तो हमें दवाइयां लेने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने बताया कि आज इस भौतिक युग में चाइनीस फूड खान पान और असंतुलित भोजन हमें तमाम बीमारियों का निमंत्रण दे रहा है जिससे हमारा शरीर तमाम बीमारियों से ग्रसित हो जाता है। इसका निदान पूर्व में किया गया बचाव और सावधानी ही है। कार्यक्रम को केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर अंशुमान सिंह ने संबोधित करते हुए बताया हमें किसी भी दवा का सेवन बगैर डॉक्टर के परामर्श के बिना नहीं लेना चाहिए और प्रशिक्षित डॉक्टर कि सलाह और जांच कर के ही दवाओ का सेवन करना चाहिए जिससे हम निरोगी रह सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने किया आए हुए सभी अतिथियों का नीलू वर्मा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में 517 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिनमें 413 लोगों को जांच कर मेडिसिन दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य ओम प्रकाश वर्मा डॉ मधुलिका राय डॉ सुमित सिंह समेत मेडिकल फैकल्टी तथा नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा।

# कटरा के हेड कांस्टेबल की ककोड़ा मेला ड्यूटी में मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। गंगा स्नान के पर्व पर बदायूं के ककोडा मेले में कटरा थाने पर तैनात हेड कांस्टेबल प्रमोद सिंह (39) की भी ड्यूटी लगाई गई थी। प्रमोद सिंह की ड्यूटी मेले में 29 अक्टूबर से 12 नवंबर तक मेले में लगाई गई थी। मेले में ड्यूटी के दौरान हेड कॉन्स्टेबल प्रमोद सिंह कल अचानक बीमार हो गए थे। जिन्हें इलाज के लिए मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहाँ इलाज के दौरान प्रमोद सिंह की मृत्यु हो गई है। मुरादाबाद के डिलारी थाना अंतर्गत ग्राम नूरपुर के मूल निवासी हेड कांस्टेबल प्रमोद सिंह की मृत्यु की खबर से घर व परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुँची डिलारी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने के लिए कार्रवाई चल रही है। प्रमोद कुमार के स्वजन कुणाल कौशिक ने बताया है कि प्रमोद सिंह अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्री एक पुत्र को रोता बिलखता छोड़ गए है। ककोड़ा मेले में ड्यूटी के दौरान प्रमोद सिंह की अचानक तबियत बिगड़ गई थी। जिन्हें इलाज के लिए मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहाँ इलाज के दौरान मृत्यु हो गई हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया है कि कटरा थाने पर तैनात हेड कांस्टेबल प्रमोद सिंह ड्यूटी के दौरान बीमारी हो गए थे। जिनको इलाज के लिए मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहाँ इलाज के दौरान प्रमोद सिंह की मृत्यु हो गई है। डिलारी थाना पुलिस को सूचना दे दी गई है।

# स्काउट व गाइड की बैठक में जिला मुख्य आयुक्त का भव्य स्वागत



न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। आदर्श कैलाश नाथ इण्टर कॉलेज लहरपुर में भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्य आयुक्त रमेश बाजपेई का लहरपुर तहसील में प्रथम आगमन हुआ। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक जिला आयुक्त बिसवां रूपेश अवस्थी एवं वरिष्ठ स्काउट मास्टर अनिल बंशवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मीनाक्षी मिश्रा को सहायक जिला आयुक्त लहरपुर बनाए जाने की घोषणा की गई। बैठक का संचालन ट्रेनिंग काउंसलर मनोज कुमार यादव ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सहायक जिला आयुक्त लहरपुर अवधेश कुमार अवस्थी ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय की गाइड कैप्टन एवं तहसील गाइड ट्रेनिंग काउंसलर नीता सिंह, रमेश मिश्र, विनोद शुक्ल, विजय निगम, .ष्णचन्द्र त्रिवेदी, संजीत मिश्र, आदित्य वर्मा, अमरेंद्र सिंह, शिवकुमार मिश्र, शैल सिंह तथा कु. अर्शिता सिंह सहित अनेक शिक्षक एवं स्काउट–गाइड सदस्य उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार पिकअप ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई, चालक की मौत



न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। खैराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच–30 हाईवे पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बक्शी तालाब से मुर्गे लेकर आ रही एक तेज रतार पिकअप ग्राम विनौरा के पास सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर–ट्रॉली से अनियंत्रित होकर जा टकराई। प्रमुख बिंदु मृतक की पहचानरू मोहम्मद शकील पुत्र अली अहमद (निवासी मोहल्ला भूलनपुर, थाना खैराबाद)। घायल हेल्पर इकरार पुत्र नईम (निवासी मोहल्ला ललियापुर, थाना खैराबाद)। क्षतिरू पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त, दो दर्जन से अधिक मुर्गे भी मरे। मिली जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन संख्या यूपी–30एटी/1090 लखनऊ से सीतापुर की ओर जा रहा था। विनौरा गांव के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर–ट्रॉली (यूपी–34एटी/8386) से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिकअप की रतार काफी तेज थी और सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली पर कोई चेतावनी चिन्ह नहीं लगा था, जिससे यह हादसा हुआ। गंभीर रूप से घायल चालक शकील को टोल एंबुलेंस की मदद से तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, पिकअप में सवार हेल्पर इकरार को हल्की चोटें आईं, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही टोल प्लाजा की 1033 पेट्रोलिंग टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। हाइड्रा क्रेन मंगवाकर क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया गया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सड़क किनारे खड़े वाहनों पर चेतावनी चिन्ह लगाने की अपील की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# कार से टकराई अनियंत्रित बाइक, दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। सिधौली–मिश्रीख मार्ग पर शुक्रवार शाम करीब सात बजे कोनी घाट के निकट एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में एक अनियंत्रित बाइक ने पहले एक कार को टक्कर मारी और फिर सड़क किनारे खड़े दूसरे बाइक सवार से जा टकराई। हादसे का विवरण मिश्रीख की ओर से सिधौली की तरफ आ रहे सिधौली कस्बा निवासी दिवाकर गुप्ता ने बताया कि यह हादसा उनकी आँखों के सामने हुआ। अनियंत्रित गति से आती एक बाइक पहले उनकी कार से टकराई, और इसके तुरंत बाद संतुलन खोकर सड़क किनारे खड़े दूसरे बाइक सवार से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार जमीन पर गिरकर घायल हो गए। दिवाकर गुप्ता बने देवदूत हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों की मदद शुरू की। इसी बीच, कार चालक दिवाकर गुप्ता ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए तत्काल बड़ा फैसला लिया। उन्होंने एंबुलेंस का इंतजार करने के बजाय, अपनी तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को अपनी कार में बैठाया और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ब्ब्) सिधौली पहुंचाया। गुप्ता ने कहा कि यदि एंबुलेंस का इंतजार किया जाता, तो घायलों को अस्पताल पहुंचने में देरी हो सकती थी। मैंने समय बर्बाद न करते हुए तुरंत मदद करने का फैसला लिया। घायलों का इलाज जारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में दोनों घायलों का इलाज जारी है। घायलों में एक की पहचान नहीं हो सकी है, जबकि दूसरे बाइक सवार ने अपना नाम प्रदीप (उम्र लगभग 32 वर्ष), निवासी भिठौरा, कोतवाली सिधौली बताया है। पुलिस ने घटना की जानकारी ले ली है और मामले की जांच कर रही है।

# अवैध अस्पताल संचालक पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

## - आपरेशन से प्रसूता की मौत मामले में बड़ा एक्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

रेउसा, सीतापुर। जिले के रेउसा कस्बे में एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान हुई प्रसूता की मौत के मामले में प्रशासन ने सख्त और बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के आदेश पर गठित त्रि–सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट में अस्पताल संचालक को लापरवाही और गलत इलाज का दोषी पाया गया है, जिसके बाद उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का गंभीर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। यह मामला रेउसा के लखनऊ सेवा अस्पताल का है, जहां 07 नवम्बर को तंबौर निवासी पंक्षी देवी (पत्नी शुभम पांडे) की प्रसव के दौरान ऑपरेशन के बाद मौत हो गई थी। मृतका के परिजनों ने तुरंत अस्पताल संचालक पर लापरवाही और गलत इलाज का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। जांच रिपोर्ट में हुआ चौंकाने वाला खुलासा जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम बिसवां, एक महिला चिकित्सक और सीएचसी प्रभारी की संयुक्त टीम गठित कर विस्तृत जांच के आदेश दिए थे। जांच समिति की रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि अस्पताल संचालक मोहम्मद रजा (निवासी बहराइच) स्वयं, बिना किसी विशेषज्ञ योग्यता के प्रसूता का ऑपरेशन कर रहा था। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि ऑपरेशन के दौरान गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही बरती गई, जिसके कारण प्रसूता की हालत बिगड़ती चली गई और अंततः उसकी मौत हो गई। अवैध रूप से चल रहा था अस्पताल जांच के निष्कर्षों के आधार पर जिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद रेउसा थाना पुलिस ने आरोपी संचालक मोहम्मद रजा के खिलाफ धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। स्थानीय सूत्रों और जांच में यह बात भी सामने आई है कि आरोपी मोहम्मद रजा रेउसा में शलखनऊ सेवा अस्पतालश के नाम से यह संस्था अवैध रूप से संचालित कर रहा था। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से बिना मान्यता और बिना विशेषज्ञ चिकित्सक की टीम के प्रसव और जटिल ऑपरेशन करवा रहा था। प्रशासन अब अस्पताल की वैधता और अन्य सभी दस्तावेजों की जांच कर रहा है, साथ ही इस अवैध अस्पताल को सीज करने की कार्रवाई भी जल्द ही की जाएगी।

# पुराने सीतापुर में शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। रविवार दोपहर करीब 1.30 बजे पुराना सीतापुर के कजियारा इलाके में उस समय अफरातफरी मच गई जब मोहल्ला मिरदही टोला निवासी हाजी जहीन अख्तर पुत्र स्वर्गीय अब्दुल मजीद के घर में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी। कुछ ही मिनटों में आग से उठे धुएं का घना गुबार पूरे इलाके में फैल गया और लोग दहशत में घरों से बाहर निकलने लगे। धुआं और आग की रतार इतनी तेज थी कि कुछ लोग जगह–जगह मदद के लिए फोन मिलाते रहे, लेकिन फायर ब्रिगेड और डायल 112 के टोल फ्री नंबर लगातार व्यस्त आने से शुरुआती मिनट बेहद तनावपूर्ण रहे। मौके पर मौजूद कई समाजसेवियों ने बिजली लाइन कटवाने, पुलिस को सूचना देने और लोगों को सुरक्षित करने में तुरंत भूमिका निभाई।

नगर कोतवाल की तेज कार्रवाई बनी बड़ी राहत

सूचना मिलते ही नगर कोतवाल अनूप शुक्ला ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए फायर ब्रिगेड को तत्काल अलर्ट किया और खुद मौके की ओर तेजी से रवाना हुए। स्थान पर पहुंचकर उन्होंने भीड़ को सुरक्षित दूरी पर हटवाया और बचाव कार्य को व्यवस्थित किया। आग के फैलते खतरे को देखते हुए उन्होंने कजियारा चौराहे का रूट डायवर्ट करवाया, जिससे फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को घटनास्थल तक पहुंचने में कोई रुकावट न हो। उनकी समझदारी भरी त्वरित कार्रवाई के कारण फायर ब्रिगेड टीम कुछ ही देर में मौके पर पहुंच सकी और लपटों को काबू में ले लिया।

दूसरी मंजिल पर फंसी महिलाएं व बच्चे, लोगों ने यूं बचाया

घर की दूसरी मंजिल पर महिलाएं और बच्चे फंसे हुए थे। धुआं तेजी से ऊपर चढ़ रहा था। यह देखकर मोहल्लेवासियों ने बिना देरी किये सीढ़ी लगाकर सभी को कड़ी मेहनत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कई लोगों ने नीचे के हिस्से से सामान भी बाहर निकालने में मदद की।

लगभग 10 लाख रुपये का नुकसान

हाजी जहीन अख्तर के अनुसार, ठंड के चलते कमरे और बरामदे में रखी रजाइयां, साल और कपड़ों ने आग पकड़ ली, जिससे नुकसान बढ़ गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

फायर ब्रिगेड का क्या कहना है?

फायर ब्रिगेड के एक कर्मचारी ने बताया कि आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट प्रतीत होती है, क्योंकि मौके पर खुले तार थे और पास में गर्म कपड़े रखे हुए थे। संभावना है कि इन्हीं में चिंगारी लगने से आग भड़की। कर्मचारी के अनुसार आग काफी तेजी से फैली हुई थी। उन्होंने बताया कि आग को काबू में करने में लगभग एक घंटे से ज्यादा समय लग सकता है। करीब आधा घंटा हो चुका है और आग पर काफी हद तक नियंत्रण पा लिया गया है, लेकिन पूरी तरह बुझाने में अभी एक घंटा और लग सकता है।

# हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन ने किया पहला कंबल वितरण



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मौसम में अचानक बदलाव एवं बढ़ती ठंड को देखते हुए हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था की टीम की ओर से अलीगंज स्थित संस्था के कार्यालय से सीजन का पहला कंबल वितरण किया गया जिसमें लगभग एक सैकड़ा जरूरतमंद परिवारों एवं बच्चों को कंबल उपलब्ध कराए गए जिसको पाकर जरूरतमंद परिवारों एवं बुजुर्गों, महिलाओं के चेहरों में खुशी देखी गई ठंड की शुरुआत में ही कंबल मिलने से लाभार्थियों का कहना था कि संस्थाएं ज्यादा ठंड बढ़ने का इंतजार करती है और पहले कंबल नहीं बाटती है हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन ग्रुप का बहुत आभार जो उन्होंने ठंड की शुरुआत में ही जरूरत मंद परिवारों का ख्याल रखा और कंबल उपलब्ध कराएं इस अवसर पर आयोजन समिति हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था के संरक्षक हसन उद्दीन सिद्दीकी, संस्था के अध्यक्ष नदीम उल्लाह खान, वरिष्ठ सहयोगी मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना, वरिष्ठ सहयोगी नजरे आलम, उपाध्यक्ष जावेद खान, उपाध्यक्ष मोहम्मद फरहान, कलीम उल्ला खान, सचिव उमर अली, उपसचिव आसिफ मसूदी, उपसचिव गफार खान, संगठन मंत्री शेख रिजवान, कोषाध्यक्ष अनस उल्लाह खान एड, शाखा प्रमुख खाईपार अली, शाखा प्रमुख भरत हार्डवेयर, शाखा प्रमुख मर्दननाका मोहम्मद नफीस, वरिष्ठ सहयोगी में सैयद आबिद अली, आरिफ खान, शिफात खान, हनी खान, विक्की खान, सनी, इमाम रेहान, शाखा प्रमुख शादाब हुसैन, सूचना मंत्री इरफान सभासद, कानूनी सलाहकार समीर उलहक एड., जुगनू पूर्व सभासद, उरूज, शाखा प्रमुख हसीब, कार्यालय प्रभारी इमरान, इस्लामुद्दीन, ब्रज बिहारी आदि ने आए हुए मेहमानों और जरूरतमंद परिवारों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के सभी पदाधिकारियों ने संस्था के संरक्षक हसन उद्दीन सिद्दीकी साहब का जोरदार स्वागत किया। टीम द्वारा अवगत कराया गया कि आगे भी सर्दी की रातों में जरूरत मंद लोगों को ठंड से बचाने के लिए संस्था के लोग सड़क किनारे सो रहे जरूरत मंदो में कंबल उपलब्ध कराने का कार्य हर साल की तरह इस साल भी करती रहेगी।

# परिवार परामर्श केंद्र ने तीन परिवारों को टूटने से बचाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चन्द्र एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में परिवार परामर्श केंद्र महिला थाना में प्रभारी निरीक्षक निर्मला कुमारी, उ0नि0 आकांक्षा सिंह, उ0नि0 बृजेंद्र बहादुर सिंह काउंसलर ममता यादव, काउंसलर नमिता तिवारी, काउंसलर रविंद्र चौहान, काउंसलर मोहम्मद रहमान, काउंसलर राहुल तोमर व महिला आरक्षीगण व परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से पति–पत्नी में हुए आपसी मदभेद को मिटाते हुए तीन परिवारों में समझौता कराते हुए परिवारो को टूटने से बचाया गया। शिखा देवी पत्नी प्रिंस यादव निवासी मदनपुर थाना जसवंतनगर, बेबी सदमा पत्नी मोहम्मद सोहेल निवासी पचराहा थाना कोतवाली, भावना शुक्ला पत्नी रोहित मिश्रा निवासी पक्का तालाब नुमाइश चौराहा थाना सिविल लाइन के बीच सुलह–समझोता कराया गया।

# चार हमलावरों को पुलिस ने दबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। हमला कर घायल करने वाले चार अभियुक्तों को पुलिस ने गिरतार कर लिया। कब्जे से रक्तरंजित बाँस का डण्डा, लकडी की ठोस पाटी, स्कार्पियो कार (घटना में प्रयुक्त) बरामद की गई।

उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर 08 नवंबर की रात्रि को राजेश कुमार सिह पुत्र सोबरन सिह निवासी हाल पता चकरनगर रोड उदी मोड मूल निवासी ग्राम खेडा अजब सिह थाना बढपुरा की लिखित तहरीर पर तत्काल अभियोग पंजी.त कर वाँछित गिरतार अभियुक्तगण मुकेश उर्फ गब्बर सिह पुत्र रामपाल सिह निवासी ग्राम खेडा अजब सिह थाना बढपुरा, ध्रुव सिह पुत्र पुत्तू सिह निवासी खेडा अजब सिह थाना बढपुरा, राहुल यादव पुत्र प्रदीप यादव निवासी चकरनगर रोड उदी मोड थाना बढपुरा, सुधीर सिह पुत्र लाल बहादुर निवासी चकरनगर रोड उदी मोड थाना बढपुरा को गिरतार किया गया। प्रकरण में धारा 109 बीएनएस की बढ़ोतरी कर अभियुक्तों को जेल भेजा गया। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक कण्व कुमार मिश्र मय टीम शामिल रहे।

# एनएच-2 पर चला यातायात विभाग का स्पीड चेकिंग अभियान



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में आज राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच–2) पर यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह द्वारा एक विशेष स्पीड चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य सड़क पर तेज रतार से दौड़ने वाले वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आमजन में यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता पैदा करना था। अभियान के दौरान यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह अपनी टीम कांस्टेबल दुर्गेश कुमार, कांस्टेबल मनोज कुमार और होमगार्ड रविंद्र कुमार के साथ मौके पर मौजूद रहे। टीम ने आधुनिक स्पीड रडार गन की मदद से ओवर स्पीड में चलने वाले वाहनों की पहचान की। जांच के दौरान 5 वाहनों को तेज गति से चलाते हुए पकड़ा गया, जिन पर नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने वाहन चालकों को हिदायत दी कि वे सड़क पर गति सीमा का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों में अनुशासन और जागरूकता बनी रहे। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य दंडात्मक नहीं, बल्कि सुरक्षा और जनहित को प्राथमिकता देना है। यातायात विभाग की यह पहल न केवल नियम तोड़ने वालों पर नकेल कसने का प्रयास है, बल्कि आम नागरिकों के जीवन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया एक सकारात्मक कदम भी है।

# विद्युत पोल में बीस दिनों से प्रकाश नहीं

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनपद के जमानिया आदर्श नगर पालिका का बाजार का मुख्य सड़क जो बाजार के तरफ जाती है विगत लगभग 20 दिनो से विद्युत पोल पर प्रकाश नही हो रहा है। मछली मंडी कपूरा घाट को जाने वाली और गन हाउस तक पूरा अंधेरा रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि



यह मार्ग कपूरा घाट, कंकड़ घाट बलुआ घाट और शमशान घाट होते हुये मुख्य बाजार तक जाती है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन के लापरवाही के कारण इस पर ध्यान नही जा रहा है, प्रकाश न होने से लोगों को आवागमन में समस्या होती है,लोगों की मांग है कि नगर पालिका प्रशासन इस पर ध्यान दे।


फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

**फैसल चश्में वाले**

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रामलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

**फैसल चश्में वाले**

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आला-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P | हाजी खलील अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213 | एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876


# अव्वल अल्लाह नूर उपाया, कुदरत के सब बंदे, एक नूर ते सब

## - शोभा यात्रा के दौरान भक्तों में सेवा व समर्पण का नजारा देखते ही बन रहा था

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलितारन गुरु नानक आया श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव को मुख रखते हुए शोभा यात्रा गुरुद्वारा करमगंज से निकाली गई, जिसमें संगतों ने भक्ति में लीन होकर गुरु महाराज जी की खुशियां प्राप्त की। गुरुद्वारे से कमेटी के अध्यक्ष तरनपाल सिंह कालरा ने गुरु ग्रन्थ साहिब जी के स्वरूप को अपने सिर पर रखकर बड़े सत्कार के साथ पालकी साहब में विराजमान किया। इसके उपरांत कमेटी के सभी सदस्यों ने पंज प्यारों को माल्यार्पण व मत्था टेक कर शोभा यात्रा की शुरुआत हुई। शोभा यात्रा में गुरु नानक देव का संदेश अव्वल अल्लाह नूर उपाया, कुदरत के सब बंदे, एक नूर ते सब जग उपज्या कौन भले कौ मंदे भजनों, चित्रों, स्लोगन आदि के माध्यम से दिया गया। इस दौरान सड़कों पर बोले सो निहाल सतश्री अकाल के जयकारे गुंजायमान रहे। श्री गुरु ग्रन्थ साहिब का स्वरूप यात्रा में साथ



था। गुरु ग्रन्थ साहिब को नमन करने में कोई भी श्रद्धालु एक दूसरे से पीछे नहीं रहना चाहता था जिसकी सेवा मुख्य ग्रंथी संभाल रहे थे। पुष्प वर्षा के बीच जगह–जगह श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी में चल रहे पंच प्यारों के साथ ही विशेष पोशाकों में सजे बच्चों का भी स्वागत सत्कार किया। गुरुग्रंथ साहिब के प्रति छोटे बढ़ों सभी का सम्मान देखने काबिल था। सड़क पर पानी डालकर झाड़ू लगाते भक्तजन सभी का ध्यान आकर्षित कर रहे थे। रविवार को गुरुद्वारा करमगंज पंजाबी कालोनी से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में सिख समाज के साथ सर्व समाज ने सहयोग किया। शोभा यात्रा पंजाबी कॉलोनी बस स्टैंड तिराहा, नेविल रोड से राम गंज चौराहा, साबितगंज चौराहा, नौरंगाबाद चौराहा से झूले लाल कॉलोनी होकर शास्त्री चौराहा से होते हुए गुरुद्वारा श्री तेग बहादुर साहिब पर पहुंची। इस दौरान शोभा यात्रा का जगह–जगह सिख परिवार, सिंधी समाज व अन्य सर्व समाज के साथ शादी लाल धरम शाला के सामने नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने माथा टेक कर आशीर्वाद लिया और बच्चों को चिप्स बिस्किट व टॉफियां बांटी। शोभा यात्रा का सरदार हरजीत सिंह कालड़ा, कुलदीप कौर, तरनपाल सिंह कालड़ा, जसदीप सिंह कालड़ा, दिलप्रीत कौर, अमोलक सिंह, अजीत सिंह, मंजीत सिंह छाबड़ा, तरनजीत सिंह कालड़ा, परमंजीत सिंह छाबड़ा, बहादुर सिंह छाबड़ा, चिंटू छाबड़ा, मिंटू मोंगा, सुरेन्द्र सिंह अरोड़ा, साहिब सिंह कालरा, सतनाम अरोड़ा, सुरजीत सिंह कालरा, तीरथ सिंह टुटेजा, मन्नत टुटेजा, सुरेश अरोड़ा, राजेश अरोड़ा, मनोज तोलानी, गुरबचन सिंह, दलजीत सिंह व सुरजीत सिंह ने भव्य स्वागत किया। शोभा यात्रा के दौरान रास्ते में स्वागत करने वालों का तरन पाल सिंह कालरा, जसवीर सिंह पप्पी व मंदीप सिंह ने सिरोपा पहनाकर सम्मान किया। इसी के साथ व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक दीक्षित, कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह सहित उनकी टीम व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता संटू को भी सिरोपा पहनाकर सम्मानित किया। गुरुद्वारा पहुंचने पर कमेटी के अध्यक्ष तरनपाल सिंह कालड़ा सहित उपस्थित सभी संगत ने पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गुरुनानक देव के उपदेशों को सभी जगत में प्रसारित करने के लिए शांति एकता व प्रभु भक्ति का संदेश देना ही प्रभात फेरी व शोभा यात्रा का मूल उद्देश्य है। गुरुनानक देव द्वारा दिए उपदेश नाम जपो, बंड छको और किरत करो के मूल सिद्धांत जो शोभा यात्रा के दौरान सबने देखे,इसी की लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने यात्रा में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। गुरुग्रंथ साहिब की शोभा यात्रा में प्रदीप सलूजा, जगजोत सिंह कालड़ा, अन्तप्रीत सिंह, वंश अरोड़ा, ऋषि लूथरा, विजय कुमार, सुशील कुमार, प्रदीप कुमार, कमलेश पाल, राजू गुलाटी व दीपक गुप्ता ने गुरुद्वारा की व्यवस्थाओं को संभाला।

# राष्ट्रगीत एक गीत नहीं भारत की आत्मा की आवाज : सरिता

## - राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूरे होने पर भाजपा कार्यालय में हुई प्रेसवार्ता

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारत के राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि भारत का राष्ट्रगीत वन्दे मातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि यह भारत की आत्मा की आवाज है। यह वह स्वर है जिसने गुलामी की जंजीरों में जकड़े भारत को आजादी की राह दिखाई। जब जब देश पर संकट आया यह राष्ट्रगीत हर भारतीय के हृदय में नई ऊर्जा साहस और एकता का संचार करता रहा है। वंदे मातरम में केवल मातृभूमि की स्तुति नहीं बल्कि उसमें राष्ट्र के प्रति श्रद्धा, त्याग और समर्पण की भावना भी निहित है। यही कारण है कि यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हर आंदोलन हर सत्याग्रह और हर बलिदान का प्रेरणा स्रोत बना। आज आजाद भारत में भी वंदे–मातरम की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक है। यह हमें यह स्मरण करता है कि हमारा राष्ट्र केवल सीमाओं से नहीं बल्कि साझा संस्.ति भावनाओं और कर्तव्य बोध से निर्मित हुआ है। वंदे–मातरम् नवभारत के उसे संकल्प का प्रतीक है जिसमें हर नागरिक अपने भीतर भारत माता के प्रति श्रद्धा, सेवा और समर्पण की भावना को जीवित रखे हैं। यही भावना भारत को विश्व में वसुधैव–कुटुंबकम के संदेशवाहक के रूप में प्रतिष्ठित करती है। 1 अक्टूबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय गीत वंदे–मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में पूरे देश में उत्सव मनाने का निर्णय लिया है। स्वतंत्रता संग्राम में इस जीत की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान रखते हुए इसके 150 में वर्ष में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह गीत वर्ष 1875 में श्री बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचा गया था। वंदे मातरम का प्रसिद्ध वाचन वर्ष 1896 में श्री रविंद्र नाथ टैगोर द्वारा कोलकाता में किया गया था। भारत के प्रथम




राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने वर्ष 1950 में वंदे मातरम को राष्ट्रगीत का दर्जा प्रदान किया था। देश भर में विभाजन के विरोध में हुए आंदोलन के दौरान वंदे मातरम राष्ट्रवाद, एकता और ब्रिटिश शासन के विरुद्ध प्रतिरोध का सशक्त प्रतीक बन गया था। इसकी प्रबल राष्ट्रीय भावना और प्रेरक प्रभाव के कारण ब्रिटिश सरकार ने इस नारे के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया था। वंदे–मातरम स्वदेशी आंदोलन का प्रमुख नारा बना और बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, भगत सिंह और सुभाष चंद्र बोस जैसे क्रांतिकारियों का प्रेरणा स्रोत रहा है। 1923 में काकीनाडा में हुए कांग्रेस अधिवेशन में पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर को वंदे मातरम गाने के लिए आमंत्रित किया गया लेकिन उसे वर्ष कांग्रेस अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद अली ने धार्मिक आधार पर आपत्ति जताई और कहा कि इस्लाम में संगीत वर्जित है। मुस्लिम लीग के नेताओं को खुश करने के लिए 1937 में कांग्रेस कार्य समिति ने राष्ट्रीय गीत को आधिकारिक रूप से बदलने का निर्णय लिया और बाद में भी कई मौकों पर कांग्रेस और उसके नेताओं ने विभिन्न मंचों पर वंदे–मातरम के प्रति अपनी असहिष्णुता दिखाई। एआईएमआईएम नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने 2017 में मांग की थी कि स्कूलों में छात्रों के लिए वंदे–मातरम गाना अनिवार्य करने वाले सर्कुलर को रद्द किया जाए। 2019 में मध्य प्रदेश की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सचिवालय में वंदे–मातरम गाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी पार्टी द्वारा शासित प्रदेशों की विधानसभा में आज भी वंदे–मातरम का गायन नहीं किया जाता है। केरल विधानसभा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उत्तर प्रदेश के नगर निगमन में बोर्ड बैठक के पूर्व में होने वाले वंदे–मातरम के गायन में अधिकतर विपक्षी दलों के पार्षद शामिल नहीं होते हैं। पिछले दिनों मेरठ नगर निगम में बसपा की पूर्व महापौर द्वारा वंदे–मातरम गायन का बहिष्कार करने के कारण बड़ा मुद्दा बना। इससे पूर्व भी उत्तर प्रदेश विधानसभा में आजम खान, मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद जैसे लोग वंदे–मातरम गायन का विरोध करते रहे हैं और उस समय यह लोग या तो चुप खड़े रहते थे या उस दौरान विधानसभा सत्र छोड़ देते थे। देश में किसी भी राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न या वंदे–मातरम जैसे देशभक्ति गान का देश भर में किसी भी राजनीतिक दल या किसी व्यक्ति विशेष द्वारा कभी अपमान किया गया तो भाजपा, संघ एवं उनके अनुसांगिक संगठनों द्वारा इसका पुरजोर तरीके से विरोध किया गया। इस प्रकार के कई उदाहरण हैं कि जिसमें बड़े–बड़े आंदोलन हमारे संगठनों द्वारा किए गए। देश में या प्रदेश में जब भी भाजपा की सरकार बनी तब एवं 2014 से लगातार देश के यशस्वी एवं लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में इस प्रकार के राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह, राष्ट्रीय स्मारकों एवं राष्ट्रीय गान को भव्यता देने का काम किया गया है। राष्ट्रीय गीत वंदे–मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाए जाने वाले उत्सव और अभियानों में 7 नवंबर 2025 को उत्तर प्रदेश के 18 अलग–अलग स्थान पर 150 कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक वंदे मातरम गायन एवं सभा का आयोजन किया गया। 8 से 15 नवंबर 2025 तक सभी जिला मुख्यालयों पर सामूहिक गायन एवं सभा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विधानसभा स्तर पर सांसदों विधायकों के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंडल स्तर पर आम जनमानस की सहभागिता के साथ वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में राष्ट्रीय गीत वंदे–मातरम के सामूहिक गायन का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत तिरंगा यात्राएं, प्रभात फेरी, बाइक रेलिया प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जन भागीदारी के साथ निकाली जाएगी। प्रदेश की राजधानी शहर सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी लगाकर साहित्यिक गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर निबंध कविता व चित्रकला की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे, अभियान जिला संयोजक व जिला मंत्री जितेंद्र गौड़ व जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सतेंद्र राजपूत, समीर सक्सेना, वैभव दुबे उपस्थित रहें।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत बलहा के रजवापुर गांव में महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत जागरूक किया गया महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों के बारे में बताया गया महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों को लेकर महिलाओं को जागरूक किया गया आत्मरक्षा के सरल तरीके तथा बचाव के लिए महिला संबंधी शिकायतों हेतु 1090 1098 1076 112 181 108 नंबरों पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया साइबर अपराधों से संबंधित टोल फ्री नंबर 1930 की उपयोगिता बताई गई। कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में ग्राम सभा की बालिकाएं महिलाएं समूह की महिलाएं आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका ग्राम प्रधान विजय कुमार वर्मा सहित महिलाएं व बालिकाएं मौजूद रहीं।

# किसान धान क्रय केंद्रों की व्यवस्था से आहत किसान नेताओं ने सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। धान क्रय केंद्रों की अव्यवस्था और बंद पड़ी चीनी मिलों को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मिहींपुरवा इकाई ने उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की।

तहसील मुख्यालय पहुंचे यूनियन के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार से मिलकर कहा कि इस वर्ष भी धान खरीद की प्रक्रिया सुचारू रूप से शुरू नहीं हो सकी है। कई धान क्रय केंद्र अब तक संचालित नहीं हुए हैं, जबकि जो केंद्र चालू हैं वहां किसानों को धान तौलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर नमी का बहाना बनाकर किसानों का धान वापस भेजा जा रहा है। यूनियन नेताओं ने बताया कि किसानों को खरीफ फसल के बाद अब रबी फसल की तैयारी में भी कठिनाई झेलनी पड़ रही है। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र में स्थित चीनी मिलों में से सिर्फ खमरिया की गोविंद शुगर मिल ही चालू हुई है जबकि नानपारा और खम्हरखेड़ा चीनी मिलें अब तक बंद हैं। इस वजह से गन्ना किसानों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है और गेहूं की बुवाई प्रभावित हो रही है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि किसानों की मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो यूनियन को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि सभी धान क्रय केंद्रों को जल्द सुचारू रूप से संचालित कराया जाए और बंद चीनी मिलों को चालू करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर यूनियन के पदाधिकारी परमजीत सिंह, सिंदर सिंह, अर्श सिंह, सतनाम सिंह, परगट सिंह, जोखन, आलोक मौर्या, पिंटू, हरदीप सिंह और सुखविंदर सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# कृषि यंत्रों की ई-लाटरी 11 नवंबर को

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। उप .षि निदेशक ने बताया है कि .षि यंत्र, फार्म मशीनरी बैंक एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर के लाभार्थियों के चयन हेतु 11 नवंबर को विकास भवन सभागार में सुबह 11.30 बजे होगी ई–लाटरी .षि विभाग द्वारा संचालित प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाईजेशन फॉर इन–सीटू मैनेजमेंन्ट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू योजना एवं सबमिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाईजेशन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्य विकास अधिकारी महोदय, गाजीपुर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा दिनांक 11.11.2025 को पूर्वाह्न 11रू30 बजे से विकास भवन सभागार में ई–लाटरी प्रक्रिया का आयोजन किया गया है। बुकिंग कराने वाले सभी .षक बन्धु .पया उक्त ई–लाटरी में प्रतिभाग करनें का कष्ट करें जिससे समूची प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से सम्पादित कराना सम्भव हो सके। लाभार्थियों के चयन के उपरान्त निर्धारित समय के अन्तर्गत निर्धारित मानक के यंत्रों को नचलंदजतंजतंबापदह.पद पर पंजी.त यंत्र निर्माताओं में से किसी से भी क्रय करनें की स्वतंत्रता होगी तथा क्रय यंत्र की. 50 प्रतिशत धनराशि का भुगतान लाभार्थी .षक को स्वयं अथवा अपने रक्त सम्बन्धी के बैंक खाते से हस्तानान्तरित कराना अनिवार्य होगा।

# सीओ ने थाना मटौंध का किया त्रैमासिक निरीक्षण



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक द्वारा थाना मटौंध का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, अभिलेखों तथा शस्त्रागार का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के समय थाना अभिलेखों की स्थिति देखी गई और उन्हें अद्यावधिक एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी नगर ने पुलिस कर्मियों की उपस्थिति, ड्यूटी पालन एवं अनुशासन की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी कर्मियों को अपने कार्य के प्रति सजग रहते हुए जनता के साथ संवेदनशील एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरतारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों की शस्त्रों की हैंडलिंग की जांच की गई। अधिकारियों को शस्त्रों के सुरक्षित रख–रखाव, सफाई एवं उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही निर्देशित किया गया कि थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होने थाना कार्यालय, अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष तथा थाने की साफ–सफाई आदि का गहन अवलोकन किया गया। थानाध्यक्ष मटौंध को थाना परिसर की साफ–सफाई तथा कर्मचारियों से नियमित रुप से सैनिक सम्मेलन कर उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान उन्होने निर्देशित किया कि कानून–व्यवस्था बनाए रखने हेतु निरंतर गश्त एवं निगरानी को प्रभावी बनाए रखा जाए। निरीक्षण के उपरांत सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा भारी पुलिस बल के साथ कस्बा मटौंध में पैदल गश्त की गई तथा आमजनमानस से बातचीत कर उन्हे सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

# एसआईआर : एसडीएम ने मतदाताओं को गणना प्रपत्र किया वितरित

न्यूज वाणी ब्यूरो

मुहम्मदाबाद, गाजीपुर। तहसील क्षेत्र में निर्वाचन सूची के पुनरीक्षण कार्य को गति देने के उद्देश्य से आज उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद डॉ. हर्षिता तिवारी ने एसआईआर अभियान के तहत मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित निर्वाचन कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र मतदाताओं तक गणना प्रपत्र समय से पहुँचा दिया जाए, ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सटीकता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान लोगों को उपजिलाधिकारी द्वारा मतदान की महत्ता को समझाते हुए जागरूक किया गया। लोगों ने भी खूब ध्यान पूर्वक उनकी बातों को सुना और मतदान के प्रति जागरूक होने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सैकड़ों क्षेत्र की महिलाएं और बुजुर्ग पुरुष शामिल रहे।

# आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ने जसवंतनगर थाने में लगाया रक्तदान शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवन्तनगर, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के ट्रांसयूजन मेडिसिन विभाग द्वारा जसवंतनगर थाना परिसर में आज एक रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर पुलिस थानों में साप्ताहिक रक्तदान अभियान का हिस्सा था। थाना जसवंतनगर के प्रभारी निरीक्षक कमल भाटी ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया।

उन्होंने स्वयं रक्तदान करके एक प्रेरणादायक पहल की और सभी को आह्वान किया कि वे इस पुण्य कार्य में बढ़–चढ़कर हिस्सा लें। यह शिविर शासन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे पुलिस रक्तदान सप्ताह की श्रृंखला का तीसरा चरण था। इससे पूर्व एक नवंबर को इकदिल थाना और दो नवंबर को बकेवर, चार नवम्बर को बसरेहर थाने में, पांच नवंबर को सैफई, सात नवम्बर थाना करहल और आज नौ नवम्बर को थाना जसवन्तनगर में भी रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। इस रक्तदान अभियान में ट्रांसयूजन मेडिसिन विभाग के डॉ० आदित्या शिवहरे एवं कैंप इंचार्ज व टेक्निकल ऑफिसर डॉ राकेश कुमार मीणा के नेतृत्व में एक समर्पित टीम ने अपनी सेवाएं दीं। इस टीम में सुनील स्वामी, टेक्निकल ऑफिसर, इशू एमएलटी नर्सिंग ऑफिसर, रामश्रुप, बृजेश, कपिल दुबे, अवध किशोर, राजेश यादव, विमलेश एमटीडब्लू, सुनील कुमार प्रियंका पाल आदि टीम शामिल रही। थाना जसवंतनगर में आयोजित इस रक्तदान शिविर में कुल 35 लोगों ने पंजीकरण कराया और 13 उपनिरीक्षक व कांस्टेबल समेत 2 पत्रकारों ने रक्तदान कर जीवनदान का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। यह अभियान समाज में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्त की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रक्तदान शिविर में जसवन्तनगर थाना इंचार्ज कमल भाटी, एसआई मनीष कुमार, एसआई शुभम् वर्मा, तरुण कुमार, अजय कुमार, पिंटू कुमार, अरविंद कुमार जसवीर सिंह, अरविंद सिंह विवेक कुमार, मनीष, सतेंद्र सिंह, पत्रकार आलोक कुमार पत्रकार मोहम्मद आमीन आदि लोगों ने ब्लड डोनेट किया।

## प्राइवेट बस से सड़क हादसे में युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 927 रुपईडीहा–नानपारा मार्ग कुतुबुद्दीन गांव के पास पप्पू पुत्र पुत्ती उम्र 45 वर्ष निवासी कुतुबुद्दीन (कलवारी) थाना रूपईडीहा जो अपने खेत से पैदल घर को शाम 6 बजे जा रहा था। तभी रुपईडीहा से नानपारा की तरफ जा रही तेज रतार अनियंत्रित प्राइवेट बस ने टक्कर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि बस चालक मौके से बस लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी बाबागंज शिवेश शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी शिवेश शुक्ला ने तुरंत एंबुलेंस बुलवाकर गंभीर। रूप से घायल हुए व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करने के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा फरार वाहन चालक की तलाश की जा रही है। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित 4 बेटिया व 4 बेटों सहित पूरे परिवार को छोड़कर चला गया। मृतक मजदूरी का काम करता था मृतक के चले जाने के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

## सामुदायिक शौचालय वर्षो से पड़ा विकलांग हैंडपंप ध्वस्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

विजयीपुर, फतेहपुर। विकास खंड के ग्राम पंचायत गढीवा मझगवा के गाँव गढीवा में बना सामुदायिक शौचालय बदहाली का शिकार है। जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। शासन की स्वच्छता मिशन योजना के तहत बना यह शौचालय अब उपयोगहीन होकर जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि शौचालय के भीतर और बाहर गंदगी न बिजली व पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। परिसर में लगा हैंडपंप वर्षो से ध्वस्त पड़ा है और आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कुछ महीने पहले केवल ऊपरी सतह पर पुताई का काम कर खानापूर्ति कर दी गई लेकिन वास्तविक मरम्मत व रखरखाव की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि शौचालय की पानी की टंकी तक गायब हो गई है। जबकि शासन की मंशा थी कि प्रत्येक गांव में सामुदायिक शौचालय बनाकर ग्रामीणोंऔर राहगीरोंको स्वच्छता की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## नि:शुल्क हेलमेट बांटकर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

आजमगढ़ ,संवाददाता राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रविवार को पुलिस ने निरूशुल्क हेलमेट वितरण कर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान थानाध्यक्ष पवई प्रदीप कुमार मिश्र ने दो पहिया वाहन चालकों को निरूशुल्क हेलमेट दिया और ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की। साथ ही वाहन चालकों को हमेशा सीट बेल्ट लगाने, नो पार्किंग में वाहन न खड़ा करने, नशे में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, नशे की स्थिति में वाहन चलाने से बचने,वाहन के सभी दस्तावेज दुरुस्त रखने और नाबालिग बच्चों को वाहन न देने की अपील की।

## गोरक्षा पर गुस्सा उफान पर,प्रशांत सिंह ने कहा,हाफ नहीं, फुल एनकाउंटर होना चाहिए

आजमगढ़ ,संवाददाता बरदौल में बंधी दो गायों की निर्ममता पूर्वक हत्या के मामले में पूर्व प्रत्याशी प्रशांत सिंह का बड़ा बयान, ऐसे कृत्य कार्य करने वालों का हो फुल एनकाउंटर ।बता दे की रविवार को अतरौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोरथानी गांव में एक खौफनाक वारदात में एक पशुशाला का ताला तोड़कर उसमे बंधी दो गायों की निर्मम हत्या कर दी गई है। इस घटना से ग्रामीण पूरी तरह से आक्रोशित है तथा ऐसे लोगों की एनकाउंटर की मांग की जा रही है ।वही इस मामले में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व प्रत्याशी प्रशांत सिंह ने कहा कि ऐसा कृत्य बहुत ही निंदनीय है

# हैदरी टास्क फोर्स का मनाया राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन




न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। हैदरी टास्क फोर्स का राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन 8 नवंबर को लखनऊ के शिया पीजी कॉलेज विक्टोरिया स्ट्रीट नक्खास में सायं 8 बजे कारी नदीम नजफी द्वारा कुरआन पाक की सूरह अर–रअद, आयत नंबर 11 की तिलावत से आरंभ हुआ। बेशक अल्लाह उस कौम के हालात नहीं बदलता जब तक कि वह खुद अपने हाला बदलने की कोशिश न करे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हैदरी टास्क फोर्स के फाउंडर तथा शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता मौलाना यासूब अब्बास ने अधिवेशन का शुभारंभ किया। हैदरी टास्क फोर्स के अध्यक्ष मुन्ने आगा, जीशान जैदी, जैगम जैदी, नदीम नकवी, जफरुल रजा, नकी जैदी व हैदर रिजवी ने देश के विभिन्न भागों से आए हुए युवाओं को हैदरी टास्क फोर्स में पद प्रदान कर सम्मानित किया जिसमें सै० मोहसिन रिजवी नवाब गंज बरेली जिलाध्यक्ष, सै० मोहम्मद हसन रायबरेली जिलाध्यक्ष, सै० अली शान जैदी लखीमपुर खीरी जिलाध्यक्ष, यूंशा अब्बास बनारस वाराणसी अध्यक्ष, मसीह मिर्जा प्रदेश प्रभारी लखनऊ, हसन नकवी मून अध्यक्ष शाहीन बाग दिल्ली, जुल्फेकार हुसैन शाहीन बाग दिल्ली उपाध्यक्ष, माहिर रजा जैदी मुजफरनगर अध्यक्ष, मुजतबा मेहंदी फैजाबाद जिलाध्यक्ष, सै० एहसान अली जैदी सरफराजगंज प्रदेश उपाध्यक्ष, निसार हुसैन पिहानी जिलाध्यक्ष, तौसीफ रजा महानगर अध्यक्ष, रजा अब्बास नगर सचिव लखनऊ, लवी मिर्जा रकाबगंज जिलाध्यक्ष लखनऊ, कर्नल हुसैन बिहार अध्यक्ष, सरताज खान अधिवक्ता लीगल एडवाइजर, इमरान हैदर मुख्य उपाध्यक्ष एवं (सलाहकार), सै० मो० आसिफ नगर संयुक्त सचिव, मौलाना जैगम अब्बास काजमी नगर महामंत्री, समर अब्बास मेरठ अध्यक्ष, सै० समर अब्बास शाहजहाँपुर अध्यक्ष, यूनुस रजा कानपुर जिला अध्यक्ष, किदार अली शीशमहेल प्रदेश सचिव, अशरफ मिर्जा सरफराज गंज (औन) प्रदेश उपाध्यक्ष, मिर्जा इखलाक हुसैन जौनपुर जिला अध्यक्ष, वसीम अब्बास दोषीपुरा बनारस उपाध्यक्ष, समीर सिंह नगर माड़ियाव (प्रदेश अध्यक्ष) अधिवक्ता संघ, आशू कनौजिया बाला गंज अनुसूचित जाती प्रदेश अध्यक्ष, तकी आब्दी कैम्पल रोड नगर उपाध्यक्ष, निसार हुसैन पिहानी जिला हरदोई जिलाध्यक्ष, शादाब मिर्जा काजमैन राष्ट्रीय संगठन मन्त्री, मो० सुफियान काजमैन बगिया नगर महासचिव, मोनिस रिजवी हाता सितारा बेगम कार्यकारी सदस्य, कमाल हैदर जिला उपाध्यक्ष लखनऊ, दाऊद किदवई बाराबंकी जिला अध्यक्ष, सै० अख्तर अब्बास सीतापुर जिलाध्यक्ष, अली हुसैन लखनऊ नगर संगठन मन्त्री, मीसम अली मंसूर नगर वरिष्ठ सलाहकार, रजा इमाम शेख पूरा कॉलोनी विकासनगर अधिवक्ता संघ लीगल एडवाइजर, अकरम अली नवाब गंज बरेली जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किए गए। इस अवसर पर समाज से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। हुसैनाबाद ट्रस्ट में व्याप्त भ्रष्टाचार और ऐतिहासिक इमारतों की जर्जर अवस्था की अनदेखी पर चिंता व्यक्त की गई। शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश में जमीनों की बिक्री, वक्फ संपत्तियों की अवैध उपयोगिता तथा कब्रिस्तानों की जगहों पर निर्माण की अनुमतियों के विरोध में प्रस्ताव पारित हुआ। शिया समुदाय के शिक्षित और अप्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लघु उद्योग (स्मॉल स्केल इंडस्ट्री) को प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव रखा गया जिसे उपस्थित जनसमूह ने पूर्ण समर्थन दिया मौलाना यासूब अब्बास ने अपने संबोधन में स्पष्ट कहा कि हैदरी टास्क फोर्स कौम की तरक्की के लिए समर्पित संस्था है और उसकी ताकत उसके युवाओं में है। कौम में जहां भी भ्रष्टाचार, गरीब बेसहारा लोगों पर जुल्म और वक्फ बोर्ड, हुसैनाबाद ट्रस्ट जैसी शिया समुदाय की जगहों पर भ्रष्टाचार फैला है इसके विरोध मेंआवाज उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज जहां शिया समुदाय के गरीब बेसहारा लोगों के रहने के लिए जमीनों की कमी है वहां लोगों के दन होने के लिए कब्रिस्तान छोटे पड़ रहें हैं और वक्फ बोर्ड द्वारा उन कब्रिस्तानों की जगह पर मकान निर्माण की अनुमति देना अस्वीकार्य है। इस प्रकार की गतिविधियों का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि यदि हरदोई रोड स्थित अब्बास बाकी कर्बला पर निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाए तो हैदरी टास्क फोर्स उसका पूरा समर्थन करेगी।

## लाइसेंसी बंदूक के साथ युवक गिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मौरंग डंप में तैनात गनमैन की डबल बैरल गन हुई थी चोरी मौरंग डंप के कर्मचारी विकास ने ही चुराई थी। बंदूक आरोपी की निशानदेही पर जंगल से बरामद हुई बंदूक किशनपुर थाना क्षेत्र के मड़ौली निवासी हैं। आरोपी विकास निषाद कल मौरंग डंप से बबलू की बंदूक हुई थी। चोरी पुलिस ने आरोपी युवक को गिरतार कर भेजा जेल मामला किशनपुर थाना के कस्बा समीप मोरंग डंप का मामला।

## तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्तगिरफ्तार




न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ अभियुक्त रामलखन पुत्र रामरूप निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात को गिरतार किया गया । पकड़ने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 श्री शिववीर सिंह भदौरिया का0 उपेन्द्र का0 गोकरन शामिल रहे।

# नेशनल मीडिया प्रेस क्लब ने फिर उठाई मानक स्लाइड ब्रेकर व संकेत बोर्ड लगाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर, शाह। कस्बे में सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार उठ रही आवाजों और प्रतिदिन प्रकाशित समाचारों के बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की कार्रवाई केवल खानापूर्ति तक सीमित रह गई है। रविवार को एनएचएआई टीम ने कस्बे के कुछ हिस्सों में सड़क पर केवल व्हाइट पट्टी (लाइन मार्किंग) बनाकर अपनी औपचारिकता पूरी कर दी, जबकि यह पट्टी महज हते भर में मिट जाने वाली है। इससे स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है।

कस्बे में पिछले कई महीनों से सड़क सुरक्षा अव्यवस्था को लेकर लगातार समाचार प्रकाशित किए जा रहे थे। बढ़ते हादसों और खतरनाक हाफ ब्रेकरों को लेकर



नेशनल मीडिया प्रेस क्लब ने 19 सितम्बर को एनएचएआई जिंदपुर टोल प्लाजा को महत्वपूर्ण ज्ञापन भी भेजा था। ज्ञापन में कस्बे में मानक अनुसार स्लाइड ब्रेकर, सड़क सुरक्षा संकेत बोर्ड, तथा स्कूल–बैंक–चौकी के पास बने अवैध और आधे असमान ब्रेकरों को पूरा बनाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल थी लेकिन एनएचएआई ने इन गंभीर मांगों को नजरअंदाज करते हुए मात्र व्हाइट पट्टी बनाकर कार्रवाई का दिखावा किया। नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष ने इसे कोरी खानापूर्ति बताते हुए कहा कि व्हाइट पट्टी न तो हादसों को रोक पाएगी, न ट्रैफिक नियंत्रण में कोई मदद करेगी और न ही बच्चों, राहगीरों व वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर पाएगी। उन्होंने पुन: जोर देते हुए कहा कि कस्बे में मानक स्लाइड ब्रेकर अत्यंत आवश्यक हैं। मुख्य मार्ग, स्कूल, चौकी, बैंक व चौराहों पर सुरक्षा संकेत बोर्ड लगाए जाएं। चौकी और स्कूल के पास बने अर्धनिर्मित खतरनाक हाफ ब्रेकरों को पूरा और सुरक्षित बनाया जाए। रात में . श्यता बढ़ाने के लिए रिलेक्टर पट्टियाँ व कैट आइज भी लगाए जाएं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार यहाँ वाहन चालक अचानक ब्रेकर न दिखाई देने से फिसल जाते हैं और कई गंभीर हादसे भी घटित हो चुके हैं। स्कूल के समय में तो बच्चों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडराता है। लोगों का यह भी कहना है कि यदि एनएचएआई वास्तव में हादसों को रोकना चाहता है तो उसे मानक के अनुसार स्थायी समाधान करना होगा, न कि कुछ दिनों में मिट जाने वाली पट्टियाँ बनाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ना चाहिए। नेशनल मीडिया प्रेस क्लब ने फिर चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही एनएचएआई गंभीरता नहीं दिखाता, तो यह मुद्दा जिला प्रशासन से लेकर उच्च स्तर तक उठाया जाएगा। सड़क सुरक्षा कोई विकल्प नहीं, बल्कि जनता का मूल अधिकार है। कस्बेवासी अब उम्मीद कर रहे हैं कि लगातार छप रही खबरों और जनता की मांग को देखते हुए एनएचएआई जल्द ठोस, स्थायी और मानक अनुसार कार्यवाही करेगा, जिससे शाह कस्बे की सड़कें सुरक्षित हो सकें।

## स्वच्छता सर्वे अभियान की शुरुआत घर-घर पहुंची जागरूकता टीम




न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। नगर पालिका परिषद के सहयोग से एसडी सेवा संस्थान टीम द्वारा स्वच्छता सर्वे अभियान की शुरुआत नवंबर माह में की गई,वहीं रविवार को स्वराज कॉलोनी वार्ड नंबर 14 में कारवां पहुँचा। अभियान के तहत संस्थान की टीम ने घर–घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और गीला व सूखा कचरा अलग–अलग रखने की अपील की। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बसु, अधिशासी अधिकारी एसडीएम डीपीएम अधिकारी एवं वार्ड सदस्य मौजूद रहे। संस्था की टीम ने हर घर में दो–दो बाल्टियां वितरित कर समझाया कि हरी बाल्टी में गीला कचरा तथा नीली बाल्टी में सूखा कचरा रखें और कचरा वाहन में अलग–अलग डालें। संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह अभियान स्वच्छ बाँदा–सुंदर बाँदा के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान की सचिव प्रीती साहू ने नगर की जनता का आवाहन किया है कि वह स्वच्छता को अपने–अपने घरों में गीला व सूखा कचरे की अलग–अलग व्यवस्था करें, ताकि आसपास का वातावरण स्वच्छता एवं स्वास्थ्यमय हो सके।

# दुर्गावती में पवन सिंह की सभा में उमड़ा जनसैलाब

## - भीड़ हुई बेकाबू ,प्रशासन रहा विफल

न्यूज वाणी ब्यूरो

दुर्गावती। रविवार की दोपहर रामगढ़ विधानसभा के दुर्गावती महाविद्यालय बिछीयाँ के खेल मैदान में एनडीए द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए भोजपुरी पावर स्टार और भाजपा नेता पवन सिंह ने चुनावी जनसभा में दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए बिहार में दो–तिहाई बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। पवन सिंह रामगढ़ से भाजपा प्रत्याशी विधायक अशोक कुमार सिंह के पक्ष में प्रचार कर रहे थे। उन्होंने लोगों से आग्रह कर कहा कि अशोक सिंह को वोट देकर विजयी बना कर मोदी और नीतीश के हाथों को मजबूत करें। अपने संबोधन के दौरान, उन्होंने मोदी नीतीश के जोड़ी हिट बा गाना भी गाया और कहा कि पीएम मोदी और सीएम नीतीश के नेतृत्व में बिहार का हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। जनसभा में अनियंत्रित भीड़ के कारण पवन सिंह को अपना संबोधन जल्दी समाप्त करना पड़ा। भीड़ इतनी बेकाबू हो गई थी कि उसने बैरिकेडिंग तोड़ दी और मंच के समीप पहुंच गई लेकिन पावर स्टार पवन सिंह की सूझबूझ के बाद भीड़ काबू में हुई। प्रशासन भीड़ को काबू करने में पूरी तरह बिफल रहा। भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह ने भी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने पिछले दो विधायक कार्यकाल में अपने विधानसभा में विकास कार्य किए हैं जिसमें सभी सड़कों का निर्माण तथा किसानों की मांग पर दुर्गावती के धड़हर पंप कैनाल, नुवांव प्रखंड के तियरा एवं चौतपुरा पंप कैनाल का निर्माण करवा है। साथ ही रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जमानिया से गंगानहर योजना का भी स्वी.ति दिलवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ विधानसभा के सभी लोग पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नितीश कुमार की डबल इंजन सरकार बनाने का समर्थन कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विकास पांडेय सोनू एवं विपिन केवट ने किया। मंच का संचालन अरस्तु खान ने किया। जनसभा के दौरान उपस्थित लोगों में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के कौशांबी से विधायक पूजा पाल, हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद वाराणसी यूपी, डॉ विनोद कुमार बिंद सांसद भदोही, पूर्व बक्सर सांसद प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी, सोनी सिंह नेत्री महिला कैमूर मोर्चा, प्रमोद मिश्रा, सत्यप्रकाश तिवारी, राणाप्रताप वर्मा पूर्व मंत्री मंच पर मौजूद रहे। उपस्थित सभी वक्ताओं ने उपस्थिति लोगों से रामगढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह के कमल छाप पर बटन दबाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में टूटे बैरिकेडिंग और कुर्सियां भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार कहे जाने वाले पवन सिंह चुनावी सभा के दौरान उपस्थित भीड़ और नियंत्रित हो गई और वेरीकेटिंग और कुर्सियां भो टूट गई। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि लोग पेड़ और महाविद्यालय के छत पर चढ़कर पवन सिंह को निहारने के लिए बेताब दिखे,जैसे ही पवन सिंह का हेलीकॉप्टर मैदान में उतरा भीड़ बेकाबू हो गई ,जिसको पुलिस काबू करने में असमर्थ दिखी। किसी तरह पावर स्टार पवन सिंह मंच पर पहुंचे और जनता से निवेदन कर शांति बनाने की अपील की जिसको जनता ने समझा और शांति बनाई लेकिन युवाओं की संख्या काफी अधिक थी जो अति उत्साही और जोश में थे। जिसके कारण कार्यक्रम को कम समय में ही समाप्त करना पड़ा।

## लोटा भंटा मेले की सुरक्षा समीक्षा, पुलिस ने स्थानीय लोगों संग की बैठक

वाराणसीसंवाददाताजंसा थाना क्षेत्र के रामेश्वर स्थित लोटा भंटा मेले के आयोजन की पूर्व संध्या पर रविवार को रामेश्वर चौकी पर पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मेले के दौरान होने वाली संभावित समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके निवारण के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता एडीसीपी गोमती जोन वैभव बांगर ने की। इस अवसर पर एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव, एसीपी पिंडरा प्रतीक कुमार, प्रभारी निरीक्षक जंसा, प्रभारी निरीक्षक मिर्जामुराद तथा बड़ागांव थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। बैठक में ट्रैफिक व्यवस्था, रूट डायवर्जन और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की तैनाती पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

# जिला जज के निर्देशन में मुख्यालय व सभी तहसीलों में विधिक सेवा दिवस मनाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इटावा के तत्वावधान में जिला जज रजत जैन के निर्देशन में मुख्यालय व सभी तहसीलों में विधिक सेवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर जनजागरूकता शिविरों, गोष्ठियों, रैली और संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजित प्रमुख कार्यक्रम हाइवे स्थित शिवपाल महाविद्यालय जसवंतनगर में संपन्न हुआ, उक्त प्रमुख कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज रूपेंद्र सिंह टोंगर ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को निरूशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना और सभी को न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए ताकि न्याय और समानता की भावना समाज में सशक्त हो सके। उन्होंने बताया कि एआई मोबाइल ऐप न्याय मार्ग लॉन्च किया गया है जिसका प्रयोग किसी भी प्रकार की कानूनी सलाह लेने के लिए किया जा सकता है तथा सोशल मीडिया से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कनेक्टिविटी व हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि तहसीलदार नेहा सचान ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि हर गरीब, जरूरतमंद और वंचित व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। विशिष्ट अतिथि बाल संरक्षण विशेषज्ञ प्रेम कुमार शाक्य ने विधिक सेवा दिवस के महत्व और बाल संरक्षण योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर बच्चे को सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान का अधिकार प्राप्त है। समाज के सभी वर्गों को मिलकर बाल शोषण, बाल श्रम और बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने की दिशा में प्रयास करना है। कॉलेज के प्रबंधक विश्वनाथ प्रताप सिंह सोनू ने अपर जिला जज व तहसीलदार को बुके व प्रतीक चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन शिविर संयोजक पीएलवी रामसुंदर दुबे ने किया और अंत में उपस्थित जनों को विधिक सहायता योजनाओं के प्रचार–प्रसार में सहयोग करने का संकल्प दिलाया। कॉलेज के उप प्रबंधक आशुतोष टोनू ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विधिक जागरूकता हेतु रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पैरा लीगल वॉलंटियर ऋषभ दुबे, लालमन बाथम, राजेंद्र यादव, नीरज, प्राधिकरण कार्यालय से ऋषि ठाकुर व आदेश के अलावा शिक्षकों, छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा ।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें ।
कान की मशीन मात्र 450/- में
कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/- में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# कानपुर में पूर्व सैनिक सेवा परिषद की भव्य वार्षिक प्रतिनिधि सभा संपन्न

## 14 जिलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति, समस्याओं के समाधान का मिला आश्वासन

कानपुर। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कानपुर प्रान्त की वार्षिक प्रतिनिधि सभा का आयोजन दिनांक नौ अक्टूबर दो हजार पच्चीस को भाभा नगर, अन्ना चौराहा स्थित बजरंग ग्राउंड मेंबड़े ही विधिवत और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जिला कानपुर नगर के जिला अध्यक्ष सूबेदार हरमोहन सिंह ने की ।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद शहीदों को नमन करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। संगठन गीत के बाद मंचासीन अधिकारियों का फूल मालाओं से गर्मजोशी भरा स्वागत किया गया ।सभा में परिषद के सभी जिला अध्यक्षों ने अपने–अपने जनपदों का वार्षिक लेखा–जोखा, संख्या बल तथा वर्षभर में सामने आई समस्याओं की जानकारी मंच के माध्यम से प्रस्तुत की। प्रत्येक जिले की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मंचासीन अधिकारियों ने उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि जिन समस्याओं का निदान जिला स्तर पर संभव नहीं है, उन्हें उच्च स्तर पर ले जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी चर्चा के लिए प्रस्तुत किया जाएगा ।कार्यक्रम में कानपुर नगर इकाई के अलावा कुल 14 जिलों के जिला अध्यक्षों एवं उनके प्रतिनिधिमंडलों ने भागीदारी दर्ज की। बड़ी संख्या में वीर नारियों एवं महिलाओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी व प्रेरणादायी बनाया ।संगठन की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों और सदस्यों को सम्मानित करते हुए उत्कृष्टता प्रमाणपत्र व मोमेंटो प्रदान किए गए। इसी क्रम में विभिन्न जिलों की नई कार्यकारिणी का गठन भी संपन्न हुआ ।दूरदराज से आए मेहमानों का विशेष ध्यान रखते हुए सुबह नाश्ता एवं दोपहर में शानदार लंच की व्यवस्था की गई, जिसे सभी ने सराहा ।कार्यक्रम संचालन की जिम्मेदारी जिला अध्यक्ष सूबेदार हरमोहन सिंह एवं जिला महासचिव सूबेदार पुष्पेंद्र कुमार ने संभाली। दोनों ने बारी– बारी से मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम को सफलतापूर्वक और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।अंत में आयोजकों ने बाहर से आए सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, वीर नारियों, सदस्यों व प्रतिनिधिमंडलों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की भव्यता एवं उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए सभी जिलों के पदाधिकारियों द्वारा आयोजकों की भूरि–भूरि प्रशंसा की गई।



# श्री अन्न मिलेट्स रेसेपी प्रतियोगिता कल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उप .षि निदेशक सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि मिलेट्स पुनरोद्धार (राज्य सेक्टर) कार्यक्रम वर्ष 2025–26 के अर्न्तगत मिलेट्स फसलों के उत्पादों के प्रयोग को बढावा दिये जाने के उद्देश्य से श्री अन्न–मिलेट्स रेसीपी प्रतियोगिता के साथ प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन–सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू योजना के अर्न्तगत फसल अवशेष गोष्ठी, नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (आयल सीड्स ओएस) योजना के अर्न्तगत तिलहन मेला एवं .षि सूचना तंत्र के सु.णीकरण एवं .षक जागरूकता कार्यक्रम के अर्न्तगत रवी .षि उत्पादकता गोष्ठी–2025 का आयोजन 11 नवंबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में पूर्वान्ह दस बजे से आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। जिसमें जिला स्तरीय अधिकारी एवं .षि वैज्ञानिकों द्वारा मिलेट्स एवं तिलहनी फसलों नवीनतम .षि तकनीकी की जानकारी .षकों को उपलब्ध करायी जायेगी एवं .षि व उससे संबंधित विभागों के स्टाल .षि निवेश मेले में लगाये जायेगें। इसलिए किसानों का आहवान किया कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करें एवं मिलेट्स, फसल अवशेष व रबी एवं तिलहनी फसलों की नवीनतम तकनीकी जानकारी प्राप्त करें।

# युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। युवक ने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ी तो इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने युवक की हालत बिगड़ते देख प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोरसम गांव निवासी रोहित सोनकर 22 वर्ष पुत्र रविकरण सोनकर ने जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक की हालत बिगड़ी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। युवक को रविवार को दिन में करीब 11 बजे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इस मामले में युवक की मां ने बताया कि उनके पुत्र ने किस कारण से यह कदम उठाया इसकी जानकारी नहीं है जब हालत बिगड़ी तो उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# पिकअप व बाइक की टक्कर में युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पिकअप व बाइक में तेज टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। जिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बिंदकी चौडगरा मार्ग पर अलीपुर मोड़ के निकट रविवार को पिकअप व बाइक में तेज टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार युवक सौरभ पटेल 35 वर्ष पुत्र रामखेलावन पटेल कस्बा व थाना औंग गंभीर घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवक सौरभ पटेल को गंभीर हालत में एंबुलेंस 108 द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर युवक के परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन औंग कस्बे से सीधे जिला अस्पताल पहुंचे। बताया जाता है कि युवक अपने घर से कहीं जा रहा था तभी दुर्घटना का शिकार हो गया।

# बाइकों की भिड़ंत में लगी आग, एक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के एनएच–2 ओवर ब्रिज में रविवार की दोपहर बाइकों की भिड़ंत के बाद आग लग गई। जिसमें एक की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कल्यानपुर थाा क्षेत्र के परिहारन डेरा गांव निवासी राजू सिंह का 24 वर्षीय पुत्र प्रदीप सिंह अपने साथी अमित पुत्र नन्दपाल 25 वर्ष के साथ बाइक से इलाहाबाद की ओर जा रहा था। जैसे ही ये लोग थरियांव थाने के समीप ओवर ब्रिज पर पहुंचे तभी सामने से आ रही बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे एक बाइक में आग लग गई। उधर हादसे के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल सरकारी एंबुलेंस ने उपचार के लिए दोनों को सदर अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक ने प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। वहीं अमित का इलाज किया जा रहा है। हादसे के बाद बाइक में लगी आग को मौके पर पहुंची दमकल ने बुझाया। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# बाइक सवार ने किशोरी को मारी टक्कर, दोनों घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के नरैनी मोड़ बरैचा के समीप सड़क पार कर रही 15 वर्षीय किशोरी को विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे किशोरी व बाइक सवार घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए खागा हरदों अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां किशोरी की हालत गंभीर देख सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाने के विजयीपुर निवासी बचोल की पुत्री राधिका रविवार की सुबह लगभग दस बजे खेत से घर वापस आ रही थी। तभी वह सड़क पार कर रही थी। इसी बीच बरैची गांव निवासी लवकुश पुत्र लेखपाल (17) बाइक लेकर आ रहा था और किशोरी से टकरा गया। जिससे दोनों घायल हो गए। मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए हरदों अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने किशोरी की हालत गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# ट्रैक्टर पलटने से दो की मौत, शादी के घर में छाया मातम

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। बारात का सामान लेकर वापस लौट रहे ट्रैक्टर का टायर अचानक खुलने से अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर खंती में पलट गया। जिससे ट्रैक्टर सवार दो लोगों की मौत हो गई। दोनों की मौत से शादी के घर में मातम छा गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के अफोई मजरे तकिया पर गांव निवासी महमूद की बेटी की शादी समारोह में शामिल होने के लिए रिश्तेदार आए थे। जिसमें उजैर अहमद पुत्र मुस्तकीम निवासी अफोई व फराज पुत्र सरफराज निवासी गौंती थाना सुल्तानपुर घोष शादी का सामान लेने ट्रैक्टर से गए थे। सामान लेकर वापस आते समय जब ट्रैक्टर गौंती पुल से गांव जाने वाले मार्ग पर पहुंचा तभी अचानक ट्रैक्टर का टायर खुल गया। जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खंती में पलट गया। दुर्घटना के दौरान ट्रैक्टर सवार उजैर अहमद व फराज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# गंगा तट मिटौरा में धूमधाम से मनाया व्यक्तित्व अलंकरण समारोह

## - महत्वपूर्ण पदों में मंचासीन लोगों ने फतेहपुर के विकास हेतु लिया संकल्प
## - हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। फतेहपुर फोरम के तत्वाधान में जनपद के गौरवशाली व्यक्तित्व अलंकरण समारोह का आयोजन उत्तर वाहिनी गंगा तट मिटैरा में आयोजित किया गया। फोरम के संरक्षक स्वामी विवेकानंद ने अलंकरण समारोह का शुभारंभ करते हुए कहा कि अलंकरण समारोह का यह 18 वां वर्ष है। इस दौरान जनपद के विकास के लिए फोरम ने विभिन्न तरह के विकासात्मक कार्य किए हैं। आज भी इस बैठक में फतेहपुर विकास के लिए जल संरक्षण, .षि विकास, युवा कौशल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य विभिन्न तरह की विकासात्मक गतिविधियों संचालन हेतु उपस्थित जिले की विभूति संकल्प लेंगे और इन्हीं संकल्पना को पूरा करने हेतु वर्ष भर कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

फतेहपुर फोरम के सचिव शैलेंद्र सिंह परिहार जिलाधिकारी शाहदरा नई दिल्ली ने कहा कि जिले को पर्यटन के रूप में विकसित करना हमारी पहली प्राथमिकता है क्योंकि फतेहपुर का ऐतिहासिक, धार्मिक तथा स्वतंत्रता संग्राम के समय के इतिहास का अपना एक अलग महत्व है। इसी क्रम में संजय तिवारी ने फतेहपुर में . षि विकास के लिए अपना योगदान देने की बात कही। विभिन्न तरह के किसानों की मदद के लिए भी उन्होंने वह संकल्पित हुए। साथ ही उन्होंने बीटेक एमटेक के बेरोजगार विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के लिए काउंसलिंग की भी बात कहीं। इसरो वैज्ञानिक सुमित कुमार ने बताया कि गगनयान चंद्रयान एवं मंगलयान अभियानों का हिस्सा हैं और फतेहपुर में होमगार्ड में नक्षत्र गृह बनाने के लिए दूरबीन आदि की व्यवस्था करने की बात करें। कार्यक्रम में उपस्थित पीयूष कुमार उमराव आईएफएस सचिव औद्योगिक विकास उत्तर प्रदेश में कहा कि .षि आधारित उद्योगों की संभावना फतेहपुर में ज्यादा है इसके लिए औद्योगिक क्षेत्र में यदि कोई उद्योग लगाना चाहे तो मैं उसकी पूरी मदद करूंगा। कार्यक्रम में उपस्थित हुसैनगंज विधानसभा की विधायक ऊषा मौर्य ने कहा कि वह स्वामी जी के संकल्प जल संरक्षण को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगी। कार्यक्रम में जयंत कुमार इनकम टैक्स अधिकारी ने हाईस्कूल व इंटर के टॉपर विद्यार्थियों को 10000 रुपए की चेक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित कर्नल विभव मान सिंह ने इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल को कोचिंग भ्रमण पर ले जाने की बात कही। जहां पर कौशल विकास का एक अद्भुत वाटर वेल्डिंग का काम दिखाया जाएगा। उसके बाद यहां से बच्चों को ट्रेनिंग हेतु भेजा जाएगा। कार्यक्रम का संचालन राजीव तिवारी इंजीनियर संसद भवन ने किया। अलंकरण समारोह में फोरम के अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव, राजकुमार मौर्य चेयरमैन नगर पालिका परिशद फतेहपुर, आबिद हुसैन चेयरमैन जहानाबाद, अखिलेश कुमार, गृहमंत्रालय, आशुतोष सिंह भारतीय सेना, अखिलेश अवस्थी नेवी ऑफिसर, प्रवीण पांडेय बुंदेलखंड राष्ट्र समिति, हंसराज सोनी, अरुण दुबे गाजियाबाद, विद्या भूषण तिवारी, सुधाकर अवस्थी, प्रवीण त्रिवेदी, राजेंद्र साहू, अध्यक्ष नेहरू युवा संगठन, डॉ राजेश त्रिवेदी, उत्कर्ष नर्सिंग होम कानपुर, एके सिंह आदि उपस्थित रहे।

चेयरमैन ने विभूतियों को किया सम्मानित

फतेहपुर। जनपद का गौरव देश विदेश में बढ़ा रहे विभूतियों को जहानाबाद नगर पंचायत के चेयरमैन आबिद हसन ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कहा कि उनके द्वारा नगर में चौराहों में वाईफाई सुरक्षा वाले सीसीटीवी कैमरे, पीने के पानी के लिए आरओ युक्त फ्रीजर एव पुराणिक महत्व वाले मन्दिरो के जीर्णोद्धार का कार्य कराया गया एवं सड़कों का निर्माण कर जहानाबाद कस्बे को विकास के पथ पर आगे करने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर सभासद उसमान, शेखर, नदीम आदि रहे।

# मतदाता पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस ने की अहम बैठक

## - बूथ स्तर तक सतर्कता के साथ एसआईआर कराने के निर्देश



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के शांतीनगर स्थित सईद बिल्डिंग में जिला व शहर कांग्रेस ने एक सामूहिक बैठक का आयोजन कर सरकार द्वारा चलाए गए कार्यक्रम एसआईआर के बाबत चर्चा कर कार्यकर्ताओं को एकजुटता का संदेश देते हुए बूथ स्तर तक निगरानी के साथ कांग्रेस को मजबूत करने का निर्देश दिया।आयोजन में जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि भाजपा का एक मात्र उद्देश्य किसी भी प्रकार से वोट चोरी है उसके विभिन्न प्रकार हैं उन्हीं प्रकारों में एसआईआर भी सम्मिलित है परंतु कांग्रेस अब भाजपा के हर जनविरोधी कदम पर निगाह रखते हुए उसका मुंहतोड़ जवाब देगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जब आगे स्थानीय चुनाव प्रस्तावित हैं तो उत्तर प्रदेश में एसआईआर कराना ही नहीं चाहिए था जबकि इसी के कारण केरल आदि में एसआईआर नहीं कराया गया। यह तो खुले तौर पर सरकार की दोहरी नीति है जो अनुचित है। इसके पहले उन्होंने सभी पदाधिकारियों को एसआईआर की बारीकियों की जानकारी देते हुए बूथ तक जाकर बीएलओ से एक–एक वोटर का तरीके से कार्यवाही निष्पादन का आवाहन किया। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने भी एसआईआर के सहारे भाजपा की कुत्सित राजनीति का उल्लेख करते हुए कहा कि मात्र एक महीने में एसआईआर पूर्ण करने का समय देना ही भाजपा की मानसिकता का पर्दाफाश करता है। उन्होंने आगे कहा कि निर्धारित समय में पांच दिन गुजर जाने के बावजूद अभी तक मतदाता के पास बीएलओ की आमद नहीं हो सकी। इससे प्रतीत होता है कि बिहार की तर्ज पर यहां भी ऑफिस में ही बैठ कर सब कागजी कार्यवाही पूर्ण कर ली जाएगी और असली मतदाता अपने वोट से वंचित रह जाएगा परंतु फिर भी हम वार्ड के हर बूथ तक जाकर हरसंभव एसआईआर पूर्ण कराएंगे। इस मौके पर मणि प्रकाश दुबे, हेमलता पटेल, शेख एजाज अहमद, कलीम उल्ला सिद्दीकी, ई देवी प्रकाश दुबे, सईद चच्चा, राजीव लोचन निषाद, आशीष गौड़, सैयद सहाब अली, आदित्य श्रीवास्तव, ओम प्रकाश कोरी, बशीर अहमद, अब्दुल हफीज, राकेश शास्त्री, शबनम शेख, शकीला बानो, कौशल कुमार, अजय बच्चा, अभय शुक्ला, रमजान अहमद, सलीम खान, डॉ अब्दुल हमीद, विजय प्रताप सिंह, हिमाचल तिवारी, सुदेश पांडेय, राम प्रकाश तिवारी, नसीम अंसारी, आरिफ खान, सलीम शेख, रामशंकर शुक्ल, अकरम काले, असलम हम्माद हुसैन, महफूज अहमद आदि लोगों ने भी एसआईआर से संबंधित अपने विचार रखे।

# परिश्रम व अनुशासन ही सफलता की कुंजी : सीमा



न्यूज वाणी ब्यूरो

अमौली, फतेहपुर। अमौली ब्लॉक के .षक इण्टर कालेज बिजौली में मेघावी छात्र पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह सम्मान कक्षा 10 और 12 की परीक्षाओ में उत्.ष्ट प्रदर्शन किया था उन्हें पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान की पत्नी सीमा सचान व जहानाबाद विधानसभा के विधायक राजेन्द्र पटेल रहे। सीमा सचान ने अपने संबोधन में छात्रों को परिश्रम और अनुशासन को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा प्रदान करने की बधाई दी। कार्यकम के पहले विद्यालय कक्ष का लोकार्पण किया तत्पष्चात माँ सरस्वती की आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहित सचान ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान कर उन्हें समाज मे अग्रणी बनाना है। स्कूल के बच्चो ने सांस्.तिक कार्यक्रम ईश वंदना, स्वागत गीत, हम भीमराव के बच्चे हैं, महिला सशक्तिकरण, कन्यादान नाटक, मेरा रंग दे बसंती चोला और भी बहुत सारे कार्यक्रम करके सबका मन मोह लिया। संचालन संजय उमराव ने किया। वर्ष 2025 हाईस्कूल में गौरी देवी, प्रतिमा पटेल, सगुन पटेल, पूजा पटेल, स्तुति सचान, प्रिया देवी, शिवानी देवी और इण्टरमीडिएट में अंश पटेल, श्रेया, अमन, अजय, साधना को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व षिक्षक विधायक लवकुश कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम को सराहा। संचालक सुदामा प्रसाद सचान ने सबका आभार प्रकट किया। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह सचान, विजय बहादुर सचान, शिवशंकर लाल सचान, दीपक वर्मा के अलावा अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

# शिक्षाविद् की सातवीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि




न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महर्षि विद्या मंदिर की कमान संभालने वाले अनिल कुमार मिश्रा की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर भावना दिव्यांग विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आचार्य रामनारायण ने स्वस्ति वाचन के साथ विधिवत पूजन अर्चन कराया। उपस्थित सभी गणमान्य व छात्रों ने पुण्यात्मा के लिए श्रद्धासुमन और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आचार्य ने शिक्षाविद के व्यक्तित्व व .तित्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय की प्रबंधक भावना श्रीवास्तव ने भी स्व0 मिश्र को श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम के समापन के दौरान सभी बच्चों को पठन–पाठन साम्रगी नमकीन, बिस्कुट, चाकलेट और फल वितरित किए। बच्चों के पढ़ने के लिए एक व्हाइट बोर्ड भी दान दिया। सभी बच्चे बहुत ही प्रसन्न और उत्साहित दिखाई दिए। इस अवसर पर उनकी धर्म पत्नी सिंधु प्रभा, पुत्र डॉ. दिव्यांश मिश्रा, पुत्री शिप्रा तिवारी, आशीष तिवारी, पुत्री डॉक्टर अंजलि मिश्रा, डॉक्टर विवेक शुक्ला, प्रोफेसर राजीव त्रिपाठी, बेबो, मुदित, प्रारब्ध के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षाविद् को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। आजीवन उनके आदर्शों पर चलने व उनके गुणों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# हुनर-ए-हिंद के आडिशन का पूर्व विधायक ने किया शुभारंभ



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में हुनर–ए–हिंद अदा, अंदाज और आवाज़ के ऑडिशन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। यह ऑडिशन आईटीआई रोड स्थित डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल में आयोजित किए गए। जहां जनपद के प्रतिभाशाली बच्चों ने सिंगिंग, डांसिंग, मॉडलिंग व इंस्ट्रूमेंटल श्रेणियों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम में बतौर जज आए फेमस म्यूजिक डायरेक्टर रागमान, मिस दिल्ली दीक्षा, मिस्टर दिल्ली मुकेश व फेमस डांस कोरियोग्राफर रिक्की राज ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों को सराहा और उनकी प्रतिभा को मंच दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक करन सिंह पटेल ने शिरकत कर आडिशन का फीता काटकर शुभारंभ किया। आयोजन को सफल बनाने में समाजसेवी अशोक तपस्वी की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम में अनिल त्रिपाठी उर्फ मनीष, वंदना द्विवेदी, सुनील पटेल, राजेश शुक्ला, प्रीतु शुक्ला, अंकित दीक्षित, व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने विशेष सहयोग दिया। शो के कोऑर्डिनेटर्स के रूप में विष्णु दयाल श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्रा, सौम्य मिश्रा, शरद, शिवम त्रिपाठी, अनुराग उपाध्याय, चंदन उपाध्याय, निशांत सिंह, रजत चतुर्वेदी, हर्ष मिश्रा, प्रीति कुशवाहा एवं प्रीति शामिल रहे। हुनर–ए–हिंद का यह मंच फतेहपुर के बच्चों के लिए अपनी कला और प्रतिभा को देश के सामने लाने का एक बेहतरीन अवसर साबित हुआ।

# बंदूक चुराने वाला बारह घटे में गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किशनपुर थाना पुलिस ने मात्र बारह घंटे के अंदर बंदूक चोरी की घटना का सफल अनावरण कर दिया। घटना में संलिप्त अभियुक्त को



चोरी की लाइसेंसी 12 बोर बन्दूक डीबीबीएल के साथ गिरतार कर लिया।

किशनपुर थाना पुलिस ने थाने पर बंदूक चोरी के पंजी.त अभियोग का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्त विकास निषाद पुत्र रामस्वरूप निवासी मड़ौली थाना किशनपुर को चोरी की लाइसेंसी बन्दूक डीबीबीएल के साथ गिरतार किया। गिरतारी व बरमादगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस व 9/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी करते हुए गिरतार अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। बताते चलें कि 08 नवंबर को बबलू पुत्र मुन्नीलाल निवासी ग्राम खोपा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट वर्तमान पता किराये का मकान पहोरा पेट्रोल पम्प के बगल में बहद ग्राम पहोरा थाना किशनपुर ने सूचना दिया था कि उसकी बारह बोर दो नाली लाइसेंसी बंदूक चोरी हो गई है। जिसके संबंध में थाने पर मु0अ0सं0 276/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस बाबत अज्ञात पंजीकृत किया गया था। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सत्यदेव गौतम, उपनिरीक्षक मो0 ताज हसन, जितेन्द्र दुबे, कांस्टेबल विवेक यादव, राजेश तिवारी शामिल रहे।

# इंटरनेट पर भौकाल दिखाने वाला युवक तमंचा के साथ गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। धाता थाना पुलिस ने इंटरनेट पर तमंचे के साथ अपनी फोटो वायरल कर भौकाल दिखाने वाले शख्स को अवैध तमंचे के साथ गिरतार कर लिया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित व वारंटियों की गिरतारी के साथ ही अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में धाता थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध तमंचा के साथ वायरल खबर से संबंधित शातिर अभियुक्त लल्लू प्रसाद पुत्र धनराज निषाद निवासी किशनपुर थाना धाता को एक अवैध तमंचा 12 बोर के साथ गिरतार किया। गिरतारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0– 163/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजी.त कर गिरतार अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया। गिरतार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार राय, उपनिरीक्षक सावन कुमार पटेल, कांस्टेबल अनवारूल हसन शामिल रहे।

# किसान खेतों में न जलाएं फसल अवशेष

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उप .षि निदेशक सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि किसान खेतों में फसल अवशेष (पराली) आदि को न जलाएं। यदि खेतों में फसल अवशेष (पराली) आदि है तो अपने ग्राम प्रधान या लेखपाल को सूचित कर अवगत करा दें। ताकि फसल अवशेष को नजदीकी गौशाला में संरक्षित किया जा सके। सैटेलाइट के माध्यम से लगातार निगरानी हो रही है। इसलिए पराली जलाने पर सैटेलाइट द्वारा सम्बन्धित खेत का विवरण रिकार्ड कर लिया जाएगा और अनावश्यक कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा। इसलिए किसान फसल अवशेष कदापि न जलायें। उसे मिट्टी में मिलाकर खाद के रूप में परिवर्तित करें। उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा फसल अवशेष को खेतों में जलाना दण्डनीय घोषित किया गया है। उन्होने बताया कि आठ नवंबर को तहसील सदर में दो कम्बाइन हार्वेस्टर मशीनें बिना एसएमएस लगे फसल कटाई करते हुए पाये जाने पर .षि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सीज की गयी है। कम्बाइन हार्वेस्टर मालिकों से अपील है कि बिना एसएमएस लगाये यदि उनके हार्वेस्टर फसल कटाई कें उपयोग में लाया जाता है तो उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही प्रशासन द्वारा की जायेगी, जिसके लिये वह स्वयं उत्तरदायी होगें। इसके साथ ही सात नवंबर तक तहसील सदर में 14, तहसील खागा में 16, तहसील बिन्दकी में 06 किसानों के ऊपर पराली जलाने के कारण कुल 207500 अधिरोपित किया गया है। अब तक 80000 रूपए की वसूली की गई है।

# शवराजपुर मेले में खूनी संघर्ष, पुलिस बनी मूकदर्शक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। औंग थाना क्षेत्र के शिवराजपुर मेले में एक बार फिर हिंसक झगड़ा हो गया। बताया जा रहा है कि झूला झूलने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हुई। जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। सूत्रों के अनुसार तीन युवकों ने एक दलित युवक पर हमला कर दिया और लाठी–डंडों से जमकर पिटाई की जिससे उसका सिर फट गया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )